दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। गुरुवार 13 नवम्बर -2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 325 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




# पार्षद प्रवीण चौधरी निर्विरोध बने नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष

## विनील दत्त ने नामांकन लिया अंतिम समय पर वापस, कार्यकारिणी के सभी 12 सदस्य रहे बैठक में मौजूद







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मंगलवार को नगर निगम गाजियाबाद के सदन में नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक रखी गई। जिसमें नगर निगम कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष का चुनाव हुआ।

चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई तो पार्षद प्रवीण चौधरी और पार्षद विनील दत्त ने नामांकन पत्र भरे और नामांकन पत्र जमा करने के बाद दोनों के नामांकन पत्रों की जांच हुई और इसी दौरान सीन ऐसा बना कि विनील दत्त महापौर के पास गए और फिर उन्होंने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया। जिसके परिणाम स्वरूप नगर निगम कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष के रूप में पार्षद प्रवीण चौधरी निर्विरोध चुन लिए गए।

वहीं महापौर सुनीता दयाल ने उनके नाम की घोषणा की, तो निवर्तमान कार्यकारिणी उपाध्यक्ष राजीव शर्मा ने प्रवीण चौधरी को नया कार्यकारिणी उपाध्यक्ष बनने पर बधाई दी और उनके आगे के सफर के लिए शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान कार्यकारिणी सदस्यों ने भी उनको मुबारकबाद वहीं पार्षद प्रवीण चौधरी ने निर्विरोध नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष का चुनाव जीतने के बाद सभी का आभार व्यक्त किया।

### 12 कार्यकारिणी सदस्य रहे मौजूद

करंट क्राइम : मंगलवार को नगर निगम में कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष पद का चुनाव था। इसके लिए पहले चुनाव वाली प्रक्रिया का सीन नजर आ रहा था लेकिन मामला कुछ ऐसा बदला की पूरा नजारा ही बदल गया। पार्षद प्रवीण चौधरी निर्विरोध कार्यकारिणी उपाध्यक्ष चुन लिए गए। उनके नाम की घोषणा की गई तो सभी ने उन्हें बधाई दी। इस दौरान नगर निगम कार्यकारिणी के सदस्यों के रूप में प्रमुख रूप से पार्षद राजीव शर्मा, विनील दत्त, प्रवीण चौधरी, नरेश जाटव, अजय शर्मा, गौरव सोलंकी, पूनम भारद्वाज सिंह, अमित त्यागी, नरेश भाटी, देवनारायण शर्मा और प्रमोश यादव नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक में उपस्थित रहें।

### प्रवीण चौधरी के प्रस्तावक बने राजीव शर्मा तो विनील दत्त के नीरज गोयल





करंट क्राइम : नगर निगम कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष के लिए चुनाव होना था। कुल 12 पार्षदों में से दो पार्षद चुनाव मैदान में उतारने के लिए तैयार हुए। तो उसमें पार्षद प्रवीण चौधरी के प्रस्तावक राजीव शर्मा बने, तो वहीं विनील दत्त के प्रस्तावक के रूप में नीरज गोयल ने जिम्मेदारी संभाली। हालांकि बाद में विनील दत्त ने नाम वापस लेकर पूरे चुनाव को निर्विरोध की ओर करवा दिया।

### निर्वाचन प्रक्रिया का टाइम था लेट, इसीलिए मेयर को करना पड़ा पार्षदों का वेट



करंट क्राइम : नगर निगम में मंगलवार को नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष पद का चुनाव होना था। इसके लिए महापौर लगभग 11 बजे के आसपास नगर निगम सदन में पहुंची। उस वक्त केवल तीन ही पार्षद कक्ष में मौजूद थे। मेयर ने यह देख नगर निगम और सदन के अधिकारियों से बातचीत की। मेयर के आने के बाद नगर आयुक्त पहुंचे। तो आधिकारिक जानकारी हुई कि नगर निगम के निर्वाचन कार्यक्रम का समय 11:30 से है, जिसके बाद वह शांत हुई। जब वह आई थीं तो नगर निगम के पार्षदों की कम उपस्थिति देखकर उन्होंने नाराजगी भी जताई थी। हालांकि नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने उनको फिर स्थिति साफ कर दी और बता दिया था कि अगर आधे से अधिक पार्षद आ जाएंगे, तो चुनाव कार्यक्रम शुरू करवा दिया जाएगा।

### कार्यकारिणी उपाध्यक्ष का ही होगा संबोधन, नहीं होगा डिप्टी मेयर का उच्चारण



करंट क्राइम : नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष के तौर पर जैसे ही प्रवीण चौधरी के नाम की घोषणा होने के बाद सदन में महापौर सुनीता दयाल ने सभी को इस बात के लिए निर्देशित किया और कहा कि कोई भी डिप्टी मेयर का संबोधन या उच्चारण नहीं करेगा। उन्होने कहा कि प्रवीण चौधरी को कार्यकारिणी उपाध्यक्ष पदनाम से ही पुकारा और लिखा जाएगा। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों और पार्षदों को भी इसे अमल में लाने की बात की है। उन्होंने कहा कि डिप्टी मेयर कोई पद या पोस्ट ही नहीं है, लिहाजा डिप्टी मेयर का कोई इस्तेमाल ही नहीं करेगा।

### विपक्ष वाले पार्षदों ने ली बीजेपी वालों की फिरकी



करंट क्राइम : नगर निगम सदन में कार्यकारिणी उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव था। इसको लेकर जहां 12 प्रमुख पार्षद पहुंचे थे, तो इसमें पक्ष और विपक्ष दोनों के कार्यकारिणी सदस्य मौजूद भी रहे। नामांकन पत्र भरने के बाद जब चुनाव वाला सीन बनता नजर आ रहा था, तो विपक्ष वाले पार्षद फिरकी ले रहे थे लेकिन इसी दौरान एक के बाद एक भाजपा वाले पार्षदों के फोन बजने शुरू हुए कुछ पार्षद सदन से दाएं- बाएं हुए और फिर सीन कुछ ऐसा बदला की, जिनकी जीत की चर्चा शुरू हो रही थी, उन्होंने नामांकन पत्र वापस लिया और बाजी ही पूरी तरह से पलट गई। इसके बाद पार्षद प्रवीण चौधरी के निर्विरोध कार्यकारिणी उपाध्यक्ष के रूप में घोषणा हो गई।

### लाइन पार और नदिया पार वाले पार्षद आए साथ-साथ



करंट क्राइम : नगर निगम के सदन में सबसे पहले पहुंचने वाले पार्षदों में राजीव शर्मा रहे। उसके बाद विनील दत्त और फिर प्रवीण चौधरी कुछ पार्षद बाहर इंतजार कर रहे थे। तो कुछ फोन पर रणनीति बना रहे थे। सदन में पहुंचने के बाद फोन कॉल और मैसेज वाला मामला चल रहा था। इसी बीच नदिया पार और लाइन पार वाले पार्षद एक साथ सदन में एंट्री लेते हैं और फिर अपनी-अपनी कुर्सियों पर बैठ जाते हैं। इस दौरान पार्षद नरेश जाटव और अजय शर्मा सभी से चर्चा करते हुए भी नजर आए।





# भूटान से लौटते ही अस्पताल पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

## दिल्ली कार ब्लास्ट के घायलों का हाल जाना, सांत्वना और भरोसा दिलाया

**नई दिल्ली।** भूटान से लौटते ही प्रधानमंत्री मोदी सीधे एलएनजेपी अस्पताल पहुंचे और दिल्ली में हुए विस्फोट में घायल हुए लोगों से मिले। उन्होंने घायलों से मुलाकात की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। अस्पताल के अधिकारियों और डॉक्टरों ने भी उन्हें स्थिति की जानकारी दी। पीएम ने कहा, 'इस साजिश के पीछे जो लोग हैं उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा, दो भी दोषी हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।'







### एक संदिग्ध आतंकी दिल्ली में अभी भी घूम रहा

राष्ट्रीय राजधानी में आतंकी हमले का खतरा अभी टला नहीं हैं। अभी भी एक संदिग्ध आतंकी दिल्ली में बेलगाम घूम रहा है। ये खुलासा घटनास्थल के पास पार्किंग और घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों से हुआ है। एक आतंकी लाल रंग की ईको स्पोटर्स कार से घूम रहा है। इस कार का रजिस्ट्रेशन नंबर दिल्ली का है। ऐसे में दिल्ली पुलिस समेत देश की सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मचा हुआ है। जांच में आई इस बात के बाद पूरी दिल्ली में हाई अलर्ट कर दिया गया है। दिल्ली में सभी वीवीआईपी, एतिहासिक व बाजारों खासकर भीड़भाड़ वाली जगहों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

**जांच के लिए हिरासत में एक और डॉक्टर :** दक्षिण कश्मीर के खुर बटपोरा कुलगाम निवासी एक और डॉक्टर को सीआईके श्रीनगर ने पिछली रात हिरासत में लिया। सूत्रों के अनुसार, उसने लगभग तीन साल पहले नौकरी छोड़ दी थी। हाल ही में उसने दो-तीन निजी गाड़ियां खरीदी हैं, इसलिए सीआईके की टीम ने उसे जांच के लिए हिरासत में लिया है।

**जम्मू-कश्मीर के कुलगाम, शोपियां और सोपोर जिलों में रेड :** दिल्ली ब्लास्ट मामले को लेकर पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां देशभर में छापेमार कार्रवाई कर रही हैं। जम्मू-कश्मीर में प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) के खिलाफ सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ी कार्रवाई की है। कुलगाम, शोपियां और सोपोर जिलों में पुलिस ने एक साथ सैकड़ों ठिकानों पर छापेमारी कर संगठन की गतिविधियों पर शिकंजा कस दिया है।

**प्रदूषण प्रमाण पत्र के लिए पेट्रोल के बाहर देखी गई कार? :** पुलिस ने कहा कि वे दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के आसपास से एकत्र सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण कर रहे हैं, ताकि कार की हर गतिविधि का पता लगाया सके और उसके संपर्क में आए किसी भी व्यक्ति की पहचान की जा सके। पुलिस के एक सूत्र ने बताया कि यही कार एक पेट्रोल पंप के बाहर भी देखी गई, जहां वह प्रदूषण प्रमाण पत्र लेने गई थी। सूत्र ने कहा कि हमारी जांच जारी है। हमें पता चला है कि कार ने एक पेट्रोल पंप से प्रदूषण प्रमाण पत्र हासिल किया था, ताकि अगर पुलिस उसे सीमा के पास रोके, तो वह सभी दस्तावेज दिखा सके। कई जानकारियां सामने आ रही हैं।

**सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई कार :** स्पेशल सेल के अधिकारी ने बताया कि सोमवार सुबह 8.20 बजे ओखला औद्योगिक क्षेत्र के पास एक पेट्रोल पंप के पास से गुजरती हुई कार की तस्वीर सीसीटीवी फुटेज में दर्ज हुई। दोपहर 3.19 बजे कार लाल किला परिसर से सटे एक पार्किंग क्षेत्र में पहुंची। जहां कार लगभग तीन घंटे तक खड़ी रही। शाम 6.22 बजे कार को पार्किंग क्षेत्र से निकलकर लाल किले की ओर जाते देखा गया। विस्फोट से पहले का यह 30 मिनट का समय पुलिस की जांच का मुख्य पहलू है। हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि कार के अंदर कौन था।

**फरीदाबाद से शुरू हुआ कार का सफर :** स्पेशल सेल के वरिष्ठ सूत्रों के अनुसार सीसीटीवी फुटेज और टोल प्लाजा से प्राप्त आंकड़ों से जांच अधिकारियों को कार की गतिविधियों की विस्तृत समय-सीमा जानने में मदद मिली है। सूत्रों ने बताया कि कार का सफर सोमवार सुबह फरीदाबाद से शुरू हुआ और दिल्ली के कई हिस्सों से होते हुए सोमवार शाम करीब 6.52 बजे लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास विस्फोट हुआ। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कार को सबसे पहले सुबह करीब 7.30 बजे फरीदाबाद के एशियन अस्पताल के बाहर देखा गया। करीब 8.13 बजे इसने बदरपुर टोल प्लाजा पार किया और दिल्ली में प्रवेश किया।

**अल-फलाह विश्वविद्यालय की कुलपति ने एक बयान जारी किया :** अल-फलाह विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. डॉ. भूपिंदर कौर आनंद ने एक बयान जारी किया। बयान में कहा गया है, ≈हम इस दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम से व्यथित हैं और इसकी निंदा करते हैं। हमें यह भी पता चला है कि हमारे दो डॉक्टरों को जांच एजेंसियों ने हिरासत में लिया है। विश्वविद्यालय का इन व्यक्तियों से कोई संबंध नहीं है, सिवाय इसके कि वे विश्वविद्यालय में अपनी आधिकारिक क्षमता में काम कर रहे हैं। हम ऐसे सभी झूठे और अपमानजनक आरोपों की कड़ी निंदा करते हैं और उनका स्पष्ट रूप से खंडन करते हैं। कुछ प्लेटफॉर्म द्वारा लगाए गए आरोपों के अनुसार, ऐसा कोई भी रसायन या सामग्री विश्वविद्यालय परिसर में इस्तेमाल, संग्रहीत या संभाली नहीं जा रही है। विश्वविद्यालय की प्रयोगशालाओं का उपयोग केवल और केवल टइइर छात्रों और अन्य अधिकृत पाठ्यक्रमों की शैक्षणिक और प्रशिक्षण आवश्यकताओं के लिए किया जाता है। विश्वविद्यालय संबंधित जांच अधिकारियों को अपना पूरा सहयोग दे रहा है ताकि वे राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित मामले में तार्किक, निष्पक्ष और निर्णायक निर्णय पर पहुँच सकें।

### माना जा रहा है कि काले मास्क वाला संदिग्ध ही उमर

प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि आतंकी उमर कार में अकेला था। उसने अपने साथियों की मदद से कार में पहले से विस्फोटक फिट किया था। पुलिस को कार के अंदर भी शव के चीथड़े मिले हैं। धमाके से पहले के सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति को काले रंग का मास्क पहने कार में बैठते देखा गया है। एजेंसियों का मानना है कि यह व्यक्ति उमर ही है।

---

## अब सामने आया दिल्ली ब्लास्ट का मेवात कनेक्शन

### मेवात से चलकर धौज होते हुए राजधानी में आई थी कार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लाल किले के पास कार में हुए धमाके में फरीदाबाद के साथ ही मेवात कनेक्शन भी सामने आया है। जांच एजेंसियों की ओर से सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जांच कर कार के दिल्ली लाल किले तक पहुंचने के रूट की जांच की गई। आधिकारिक सूत्रों की मानें तो ये कार सोमवार को मेवात के इलाके से चली। वहां से इस कार में पुलिस से बचकर भाग रहे डॉ. उमर और उनके दो साथी सवार हुए थे। इसके बाद ये कार मेवात से आगे फरीदाबाद में प्रवेश कर गई। फरीदाबाद के धौज व पाली इलाके के रूट से होकर ही ये कार आगे बढ़े। खास बात ये है कि धौज का ये वही इलाका है जहां पर 8 नवंबर शनिवार से जम्मू कश्मीर पुलिस के साथ ही फरीदाबाद पुलिस की टीम सक्रिय थी। यहां पर ये संयुक्त टीम इसी आतंकी मॉड्यूल को लेकर रेड व सर्च अभियान चला रही थी।



शनिवार को भी पुलिस ने एक स्विफ्ट कार से क्रिनकॉव असाल्ट राइफल, 3 मैग्जीन, 83 जिंदा कारतूस, एक पिस्टल, 8 जिंदा कारतूस व दो मैग्जीन बरामद किए।

---

## एग्जिट पोल को दरकिनार कर तेजस्वी यादव बोले- लिख लो, 14 नवंबर को मैं बनूंगा मुख्यमंत्री

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर जारी एग्जिट पोल भले ही अलग-अलग नतीजे दिखा रहे हों, लेकिन महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के चेहरा तेजस्वी यादव ने सरकार बनने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने इस बार पूरी मजबूती से बदलाव के पक्ष में मतदान किया है और महागठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिलने जा रहा है।



तेजस्वी यादव ने मीडिया से बातचीत में कहा, 'बिहार की जनता का आशीर्वाद हमें मिल चुका है। आप लोग मेरी बात लिख लीजिए, 14 नवंबर को मैं मुख्यमंत्री बनने जा रहा हूं।' उन्होंने आगे कहा कि इस बार लोगों का उत्साह और समर्थन 1995 से भी बेहतर देखने को मिला है। जनता ने भारी मतदान कर मौजूदा सरकार के खिलाफ वोट दिया है। यह जनता का स्पष्ट जनादेश है कि अब बिहार में बदलाव तय है।

महागठबंधन के नेता ने कहा कि वे सबसे पहले सभी सहयोगी दलों, कार्यकर्ताओं और मतदाताओं का दिल से आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लिया। तेजस्वी ने कहा कि लोगों ने बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार के खिलाफ वोट दिया है और आने वाला परिणाम बिहार की नई दिशा तय करेगा।

तेजस्वी यादव ने एग्जिट पोल पर कहा, हमने पहले भी कहा था कि 14 तारीख को नतीजे होंगे और 18 को शपथ ग्रहण होगा। यह निश्चित तौर पर होने जा रहा है, भाजपा और ठ्ऊअ के पसीने छूट रहे हैं। वे लोग बौखलाहट में हैं और बेचैन हैं। कल वोटिंग के दौरान लोग बड़ी कतारों में खड़े थे। लोग खड़े रहे और एग्जिट पोल आता है यानी मतदान अभी खत्म नहीं हुआ कि एग्जिट पोल आ गया। इस तरह के सर्वे को लेकर हम न किसी खुशफहमी में रहते हैं और न ही गलत फहमी में रहते हैं। ये सर्वे केवल मनोवैज्ञानिक तौर पर जितने भी अधिकारी चुनाव में लगे हुए हैं, उनके दबाव में लाया गया है।

तेजस्वी यादव ने आगे कहा, 2020 की अगर तुलना इस बार से की जाए तो 72 लाख लोगों ने ज्यादा मतदान किया है। यह काफी बड़ा आंकड़ा है और हर विधानसभा में वोट बढ़े हैं। यह मत बदलाव के लिए पड़े हैं। सरकार बदलने जा रही है।

---

## गुजरात के भरूच में हादसा, दवा फैक्ट्री में बॉयलर फटने से दो मजदूरों की मौत

**भरूच।** गुजरात के भरूच जिले में एक दवा फैक्टरी में बॉयलर फटने और उसके बाद आग लगने से दो श्रमिकों की मौत हो गई है।

वहीं इस हादसे में 20 कर्मियों के घायल होने की सूचना है। मामले में एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सायखा जीआईडीसी इलाके में स्थित फैक्ट्री में तड़के करीब 2.30 बजे हुई।



भरूच के जिला कलेक्टर गौरांग मकवाना ने कहा, 'फैक्ट्री के अंदर एक शक्तिशाली बॉयलर विस्फोट के कारण भीषण आग लग गई।' उन्होंने बताया कि बाद में आग पर काबू पा लिया गया।

**धमाके के बाद ढह गई फैक्टरी की इमारत :** उन्होंने कहा, 'विस्फोट इतना जोरदार था कि फैक्टरी की पूरी इमारत ढह गई। ज्यादातर मजदूर किसी तरह बच निकलने में कामयाब रहे, लेकिन दो फंस गए और उनकी मौत हो गई। आग बुझने के बाद उनके शव मलबे से बरामद किए गए। इस घटना में लगभग 20 मजदूर मामूली रूप से घायल हुए हैं।'

**हादसे के बाद घटनास्थल की जांच जारी :** जिला कलेक्टर गौरांग मकवाना ने बताया कि दमकल विभाग, पुलिस और फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीमें घटनास्थल की गहन जांच कर रही हैं क्योंकि कुछ मजदूरों ने दावा किया है कि विस्फोट के बाद एक व्यक्ति लापता हो गया है और संभवतः इमारत के अंदर फंस गया है।

---

## धामी कैबिनेट के फैसले: उत्तराखंड में लागू होगी देवभूमि परिवार योजना

### प्रदेश कैबिनेट की आज हुई बैठक में देवभूमि परिवार योजना लागू किए जाने का बड़ा फैसला लिया गया।

**उत्तराखंड।** उत्तराखंड में देवभूमि परिवार योजना लागू होगी। देवभूमि परिवार योजना के तहत उत्तराखंड में रह रहे परिवारों की आईडी बनेगी। प्रदेश कैबिनेट की हुई बैठक में आज यह फैसला लिया गया। इसके अलावा 12 प्रस्तावों पर मुहर लगी।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। बैठक में 12 प्रस्तावों को मंजूरी मिली है। उत्तराखंड पूर्व सैनिक कल्याण निगम कर्मचारियों के नियमितीकरण और वेतन के मामले में मंत्रिमंडल की उप समिति गठित होगी, जो दो महीने के भीतर देगी अपनी रिपोट सौंपेगी।

**उपनल से विदेशों में भी मिलेगी नौकरी :** निर्णय लिया गया कि उपनल के माध्यम से अब विदेशों में भी नौकरी मिलेगी। वहीं आपदा में मृतक आश्रितों को चार लाख के स्थान पर पांच लाख मिलेंगे। वही पक्का मकान ध्वस्त होने पर पांच लाख दिए जाएंगे।

दैनिक, संविदा और तदर्थ कर्मचारियों के मामले में मंत्रिमंडल की उप समिति गठित होगी, जो इनके नियमितीकरण को लेकर कट ऑफ डेट तय करेगी। प्रदेश में देवभूमि परिवार योजना लागू होगी। देवभूमि परिवार योजना के तहत उत्तराखंड में रह रहे परिवारों की आईडी बनेगी।

---

## फट गए फेफड़े और आंतें...ब्लास्ट वेव से फटे कान के पर्दे सामने आई कार ब्लास्ट में मृतकों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए कार धमाके में मारे गए लोगों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आई है। मृतकों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट दिल दहलाने वाली है। रिपोर्ट में सामने आया है कि मृतकों के फेफड़े और आंतें तक फट गईं। इसके अलावा कानों के पर्दे भी फटे मिले हैं। बताया तो यहां तक भी जा रहा है कि मृतक उड़कर दीवार में टकरा गए थे। ब्लास्ट में मारे गए लोगों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने झकझोर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, कई शवों में हड्डियां टूटने, फेफड़ों, पेट के अंदरूनी हिस्सों में ब्लास्ट वेव से नुकसान हुआ है। कई के सिर पर गहरी चोट भी मिली है। धमाके से मृतकों के कान के पर्दे फट गए। रिपोर्ट से साफ है कि धमाका बेहद भीषण हुआ था।



**फेफड़ों, कान और पेट के भीतर ब्लास्ट वेव से नुकसान :** पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली के लाल किले के पास हुए धमाके की तीव्रता इतनी अधिक रही कि ब्लास्ट वेव से कई लोगों के कान के पर्दे, फेफड़े और आंतें फट गईं। दिल्ली के मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज के फोरेंसिक विशेषज्ञ ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कुछ शवों में फेफड़ों, कान और पेट के भीतर ब्लास्ट वेव से नुकसान के संकेत मिले हैं, जो यह दशार्ते हैं कि धमाका अत्यंत नजदीक से हुआ। किसी भी विस्फोट के समय अत्यधिक दाब और तापमान से उत्पन्न गैसीय लहर को ब्लास्ट वेव कहते हैं।

**नए या संशोधित विस्फोटक की आशंका :** फोरेंसिक विशेषज्ञ ने बताया कि प्रारंभिक जांच में संकेत मिल रहे हैं कि धमाके में संभवत कोई नया या संशोधित विस्फोटक इस्तेमाल किया गया है।

विशेषज्ञ के मुताबिक छर्रे से पेनेट्रेटिंग, लेंसरेटिंग घाव और हेमोरेजिक शॉक पैटर्न पर ज्यादा जोर नहीं है लेकिन घाव दशार्ते हैं कि धमाका उच्च तीव्रता का था।

**अमोनियम नाइट्रेट में चोटें नहीं होती अलग :** विशेषज्ञ ने कहा कि अमोनियम नाइट्रेट से अलग चोटें नहीं होती। फर्क बस फोरेंसिक रेसिड्यू और रसायन शास्त्रीय विश्लेषण से आता है।

विशेषज्ञ ने कहा कि लाल किले के पास हुआ धमाका सामान्य है या किसी विस्फोटक से जुड़ा है, इसकी थ्योरी कई हैं, लेकिन अंतिम रिपोर्ट जांच एजेंसियों पर निर्भर है।

हालांकि फोरेंसिक स्तर पर मौत का प्राथमिक कारण ब्लास्ट वेव यानी विस्फोट की लहर से हुई आंतरिक चोटें, छर्रे या धातु के टुकड़ों से हुए गहरे घावों या अत्यधिक रक्तस्त्राव, शॉक या फिर जलने के आधार पर जांचा जाता है।

---

## संभल: हैंडीक्राफ्ट कारखाने में लगी आग, विस्फोट से मची अफरा-तफरी

**संभल।** सरायतरीन के मोहल्ला भूड़ा में वसीम के हैंडीक्राफ्ट कारखाने में भीषण आग लग गई। कारखाने में केमिकल के ड्रम होने के कारण आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया। करीब 500 मीटर दूर से भी आग का धुआं दिखाई देने लगा।



एहतियातन आसपास के करीब एक दर्जन घरों को खाली कर लिया गया। पुलिस के संभल और बहजोई से दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने आग पर पानी डालकर बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। इस बीच केमिकल के ड्रम के फटने की आवाज भी आती रही।

आग की घटना से इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है, हालांकि आसपास के घरों की छतों पर लोग जमा होकर नजारे को देख रहे हैं। लोग ऊपर वाले से आग पर काबू पाए जाने के लिए दुआएं कर रहे हैं। सीओ आलोक कुमार भी मौके पर पहुंचे हैं।

माना जा रहा है कि शार्ट सर्किट की वजह से कारखाने में आग लगी। पहले लकड़ी का समान जलने लगा और फिर केमिकल को भी आग ने चपेट में ले लिया। जिस वक्त कारखाने में आग लगी उस समय मजदूर काम कर रहे थे।

---

## आप सांसद संजय सिंह ने शुरू की सरयू से संगम तक की पदयात्रा... 'रोजगार दो, न्याय दो' का लिया संकल्प

**अयोध्या।** आम आदमी पार्टी ने बुधवार को सांसद संजय सिंह के नेतृत्व में बड़ी देवकाला तिराहा स्थित एक लॉन में जनसभा आयोजित कर ह्यरोजगार दो, सामाजिक न्याय दोह्न के नाम से सरयू से संगम तक पदयात्रा की शुरूआत की।

यह पदयात्रा 13 दिनों तक चलेगी, जो अयोध्या, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, अमेठी होते हुए प्रयागराज पहुंचेगी। इस दौरान कार्यकर्ता लगभग 200 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे।




सभा को संबोधित करते हुए संजय सिंह ने कहा कि यह पदयात्रा उन बेरोजगारों, किसानों, मजदूरों और हर उस व्यक्ति की आवाज है, जिसे न्याय नहीं मिला। उन्होंने कहा कि रोजगार भी चाहिए और सामाजिक न्याय भी - को लेकर हम सरयू से संगम तक संकल्प लेकर चलेंगे।

उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश आज देश का सबसे बड़ा बेरोजगार राज्य बन गया है। यहां युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा, जबकि भ्रष्टाचार चरम पर है। पेपर लीक कराकर सरकार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है।

इस पदयात्रा में दिल्ली के विधायक एवं प्रदेश प्रभारी अनिल झा, प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत, अयोध्या प्रांत अध्यक्ष विनय पटेल समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

---

## बॉलीवुड एक्टर धर्मेंद्र को अस्पताल से मिली छुट्टी, स्वस्थ होकर लौटे घर

**मुंबई।** बॉलीवुड के ही-मैन धर्मेंद्र को बुधवार सुबह मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। धर्मेंद्र रिकवर हो रहे हैं और अब घर पर ही उनका इलाज किया जाएगा। धर्मेंद्र के हॉस्पिटल से बाहर निकलने के बाद देओल परिवार ने एक स्टेटमेंट जारी किया है। जानते हैं कि धर्मेंद्र की फैमिली ने उनके ट्रीटमेंट को लेकर क्या कहा।



**देओल परिवार ने जारी किया स्टेटमेंट :** 89 साल के धर्मेंद्र को कुछ दिन पहले जांच के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिवार और अस्पताल की ओर से जांच से जुड़ी जानकारी शेयर नहीं की गई है। तीन दिन तक हॉस्पिटल में एडमिट रहने के बाद उन्हें घर ले आया गया है।

धर्मेंद्र के डिस्चार्ज होने के बाद देओल फैमिली ने स्टेटमेंट जारी करते हुए कहा कि- श्री धर्मेंद्र को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है और घर पर उनका इलाज किया जाएगा। हम मीडिया और जनता से अनुरोध करते हैं कि किसी भी तरह की अफवाह ना फैलाएं। उनके और परिवार के निजी जीवन का सम्मान करें। हम सभी के प्यार, दुआओं और शुभकामनाओं के लिए आभारी हैं। कृपया उनका सम्मान करें, क्योंकि वो आपसे बहुत प्यार करते हैं। धर्मेंद्र को लेकर बयान उनके बेटे सनी देओल की पीआर टीम की ओर से जारी किया गया।

दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...



## बिहार Exit Poll : एनडीए को 121-141 महागठबंधन को 98-118 सीट का अनुमान




**नई दिल्ली।** एक्सिस माई इंडिया के सर्वे में बिहार में एनडीए को 121 से 141 सीटें मिलने का अनुमान है। तो महागठबंधन को 98 से 118 सीटें मिल सकती हैं। यानी एक्सिस माई इंडिया के एग्जिट पोल में भी बिहार में फिर से एनडीए सरकार बनने का अनुमान है।

एक्सिस माय इंडिया एग्जिट पोल के अनुसार, जाति के हिसाब से भूमिहार और सवर्णों की पहली पसंद एनडीए है तो मुस्लिम और यादवों ने महागठबंधन पर भरोसा जताया है। सर्वे के अनुसार, एनडीए को भूमिहारों ने 60%, सवर्णों ने 63%, यादवों ने 6%, मुस्लिमों ने 8%, एसटी ने 56% वोट दिया है। वहीं, महागठबंधन को भूमिहारों का 18%, सवर्णों का 18%, यादवों का 90%, मुस्लिमों का 79%, एसटी का 29% वोट मिलने का अनुमान है।

# 3299 करोड़ से होंगे गाजियाबाद नगर निगम क्षेत्र में विकास और निर्माण कार्य

# कार्यकारिणी बैठक में 77 प्रस्ताव पास

## महापौर सुनीता दयाल ने अवैध होर्डिंग, सड़क किनारे रोड़ी, बिल्डिंग मेटीरियल बेचने को लेकर जताई नाराजगी, कहा लगाओ भारी जुर्माना

## विजयनगर में शराब के ठेके के लिए कैंटर लगाने का हुआ विरोध

## 450 करोड़ से साफ होंगे हिंडन में गिरने वाले नाले





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मंगलवार को नगर निगम गाजियाबाद में वर्ष 2025-26 के बजट को पास कर दिया गया। जिसमें गाजियाबाद में लगभग 3299 करोड़ रुपए के विकास कार्य और नई योजनाओं के शुभारंभ करने पर सहमति बन गई है।

इसके साथ ही नगर निगम कार्यकारिणी के सदस्यों ने महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की मौजूदगी में लगभग 77 शहर हित के प्रस्तावों को सहमति से पास कर दिया है। इसके साथ ही नगर निगम की इस बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा और हंगामा भी देखने को मिला है। नगर निगम के पार्षदों ने विकास कार्यों के लिए उनके बजट में ठीक बढ़ोत्तरी न होने का आरोप लगाया गया है। तो वहीं नगर निगम के अधिकारियों ने कम बजट का हवाला देते हुए उन्हें शांत करवा दिया। नगर निगम की बैठक में जहां महापौर सुनीता दयाल ने कहा है कि निगम बाजार रेट पर ही नई दुकानों का किराया वसूल करेगा। तो पार्षदों के इंश्योरेंस का मुद्दा भी उठाया गया है। वहीं 1702 दुकानों का किराया बढ़ाने का मामला और पूरे विवाद को खत्म करने के लिए किराया कमेटी में नए सदस्य जोड़ने और पार्षदों को साथ लेकर इसे दोबारा से हल करने के प्रयास शुरू करने की बात बनी है। तो वहीं क्रिकेटर सुरेश रैना को खेल प्रोत्साहन के लिए दी गई जमीन वापस लेने की प्रमुखता से मांग उठी है।

इसके साथ ही विजयनगर में 6000 गज जो नगर निगम की जमीन है, उसको लेकर भी विषय जमकर उठा है। तो बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट द्वारा आवारा कुत्तों और बंदरों को लेकर जो फैसला दिया है, उसपर भी नगर निगम ने जल्द ही दो नए शेल्टर होम क्रॉसिंग और नेवला भट्टी में बनने पर रणनीति की बनी है। उधर कौशांबी में नाइट मार्केट बनाने का प्रस्ताव पीपीपी मॉडल पर पास किया गया है। तो सोलर पैनल का इस्तेमाल करने वाले लोगों को अब गाजियाबाद नगर निगम टैक्स में 900 रूपये की छूट देगा।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री के निर्देश पर गाजियाबाद हिंडन नदी को स्वच्छ बनाने और यहां की गंदगी को दूर करने के लिए जो इसमें सात प्रमुख नाल सीधे बिना साफ किया डाले जा रहे हैं, उसके लिए 450 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। वहीं महापौर सुनीता दयाल ने नगर निगम की इस कार्यकारिणी बैठक में पार्षदों और शहर के लोगों को भरोसा दिलाया है कि टैक्स में बढ़ोत्तरी नहीं होगी। वहीं नेचर ग्रीन कूड़ा कलेक्शन कंपनी के सिस्टम और वर्किंग पर पार्षदों ने सवाल उठाया है। तो वहीं महापौर सुनीता दयाल ने कार्यकारिणी की इस बैठक में अवैध होर्डिंग पर आक्रामक रूख दिखाते हुए नगर निगम के अधिकारियों को भारी जुर्माना लगाने और सड़क किनारे गंदगी फैलाने वाले ईंट, रोड़ी, बदरपुर बेचने वालों को भी टारगेट पर लेने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही सटैंथंक चार्ज पर भी सहमति बनी है।

### बना आय-व्यय का पूरा ब्यौरा

करंट क्राइम : नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक में बुधवार को चालू वित्त वर्ष का पुनरीक्षित बजट चर्चा के बाद पास हो गया। लेखा अधिकारी ने आय और व्यय की जानकारी दी। पुनरीक्षित बजट के अंतिम अवशेष में निगम के पास 913 करोड़ से ज्यादा का बजट है। बजट वित्त वर्ष में विकास कार्यों पर खर्च किया जाएगा। निगम का इस वित्त वर्ष का मूल बजट 3299 करोड़ से अधिक बजट है। निगम कार्यकारिणी बैठक में लेखाधिकारी ने पुनरीक्षित बजट रखा। उन्होंने अगस्त माह तक कराए कार्यों पर के बजट का लेखा-जोखा रखा। साथ ही आय और व्यय का ब्यौरा दिया। लेखाधिकारी ने कार्यकारिणी को अवगत कराया कि वर्ष 2025-26 में अगस्त तक प्रारंभिक अवशेष 9867848872 रुपये है। अगस्त तक आय 5225825686 रुपये है। इस तरह कुल योग 1509367557 रुपये है। निगम अगस्त तक 3347556881 रुपये विकास कार्यों पर खर्च कर चुका है। इस तरह अंतिम अवशेष के रूप में निगम के पास 11746117676 रुपये हैं। वर्ष 2025-26 के पुनरीक्षित बजट में प्रारंभिक अवशेष 11746117676 रुपये का बजट है। जबकि 27836122000 रुपये की आय होना प्रस्तावित है। निगम 30448096000 रुपये विकास कार्यों पर व्यय करेगा, जबकि निगम के पास चालू वित्त वर्ष में अंतिम अवशेष के लिए 9134143676 रुपये हैं। इस तरह निगम 913 करोड़ रुपये से ज्यादा विकास कार्यों पर खर्च करेगा।बजट से निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जलकल विभाग, उद्यान विभाग, प्रकाश विभाग आदि पर खर्च होगा। विकास कार्य होने से लोगों को राहत मिलेगी।

### टैक्स नहीं बढ़ेगा : महापौर



करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल ने कहा है कि हाउस टैक्स नहीं बढ़ेगा, हाउस टैक्स में जिस भी तरीके की विसंगति चल रही हैं, उसे दूर किया जाएगा। इस दौरान उन्हें अधिकारियों और टैक्स की कार्यप्रणाली और कलेक्शन में जुटे अधिकारियों को निर्देश दिया है कि इसमें किसी प्रकार का भ्रष्टाचार सहन नहीं करेंगी। लापरवाही और शिकायत मिलने पर सीधे एक्शन लिया जाएगा।

### 1702 दुकानों के किराए के लिए बनेगी दोबारा कमेटी

करंट क्राइम : नगर निगम में लंबे समय से 1702 दुकानों के किराए का मामला चल रहा है। कभी इसको लेकर विरोध होता है, तो कभी हल निकालने के प्रयास होते हैं, लेकिन महापौर सुनीता दयाल ने नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक के दौरान जानकारी दी है कि इसमें कुछ अधिकारी बदल गए हैं। तो नई कमेटी बनाई जाएगी। साथ ही नए पार्षदों को लिया जाएगा ताकि इस समस्या को जल्द सुलझाया जा सके।

### क्रिकेटर सुरेश रैना को दी गई जमीन ली जाए वापस : राजीव शर्मा



करंट क्राइम : नगर निगम की बोर्ड बैठक में पार्षद राजीव शर्मा ने विषय उठाया है कि क्रिकेटर सुरेश रैना को दी गई राजनगर एक्सटेंशन में जमीन वापस ली जाए। उन्होंने वहां स्पोर्ट्स अकादमी और युवाओं को क्रिकेट से जोड़ने के लिए स्कीम लॉन्च करनी थी लेकिन वह हुई नहीं है जबकि यह नगर निगम यहां स्टेडियम और स्पोर्ट्स कंपलेक्स बना रहा है, तो फिर उसका क्या लाभ रहेगा।

### 6000 गज जमीन पर नगर निगम जल्द करेगा काम

करंट क्राइम : नगर निगम कार्यकारिणी में विषय आया है कि विजयनगर में संतोष कॉलेज के पास लगभग 6000 गज नगर निगम की जमीन है, जिस पर कुछ लोग नजर बना रहे हैं। इस जमीन पर जल्द ही नगर निगम अपने कब्जे में लेगा और कार्रवाई करेगा। साथ ही अगर कोई उसपर अवैध कब्जा करना चाहेगा, तो उसपर भी कार्रवाई की जाएग।

### इंदौर-लखनऊ की तरह गाजियाबाद में बनेगी सड़क किनारे चटोरी स्ट्रीट

करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल ने इस दौरान जानकारी दी है कि जिस तरीके से इंदौर और लखनऊ में चटोरी स्ट्रीट और चाट बाजार है, ऐसा ही गाजियाबाद में भी आने वाले दिनों में नजारा देखने को मिलेगा। यह पूरा प्रोजेक्ट पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत किया जाएगा। जो लोग भी इसके इच्छुक होंगे नगर निगम उनको मौका देगा। वह साफ-सफाई से लेकर सुंदरता फैलाने का काम करेंगे और अपने व्यापार को आगे बढ़ा सकेंगे।

### कौशांबी में बनेगा नाइट मार्केट



करंट क्राइम : नगर निगम ने कार्यकारिणी बैठक के दौरान एक प्रस्ताव यह भी रखा है कि नगर निगम पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत कौशांबी में एक नाइट बाजार मॉडल के रूप में बनाएगा, अगर यह प्रक्रिया सफल रहेगी, तो शहर के अन्य स्थान जहां प्रमुख इलाकों में जगह है, वहां पर नाइट मार्केट और इसी प्रकार के बाजार भी शुरू किए जाएंगे।

### सोलर पैनल लगाने पर नगर निगम हाउस टैक्स में देगा 900 रूपये की छूट



करंट क्राइम : नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया है कि मुख्यमंत्री और शासन की मंशा है कि सोलर पैनल को बढ़ावा दिया जाए। इसको बढ़ावा देने और लोगों में इसके प्रति जागरूकता लाने और इस्तेमाल को बढ़ाने के लिए नगर निगम आने वाले समय में जो लोग भी सोलर पैनल लगवाएंगे, उनको हाउस टैक्स में 900 रूपये की छूट प्रोत्साहित करने के लिए देगा। साथ ही यह ग्रीन और क्लीन सिटी के लिए भी एक विकल्प के रूप में चुना जाएगा।

### हिंडन की तस्वीर बदलने की तैयारी, सात नालों की सफाई में खर्च होंगे 450 करोड़



करंट क्राइम : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चाहते हैं कि गाजियाबाद की हिंडन नदी स्वच्छ हो, यहां लाइटिंग के साथ ही यहां का माहौल बदले, इसके लिए नगर निगम गाजियाबाद ने प्लान बनाया है कि जो हिंडन नदी में सात मुख्य ऐसे नाले हैं बिना साफ सफाई और मानकों के विपरीत इसमें डाले जा रहे हैं, उनको स्वच्छ बनाने के लिए 450 करोड़ रुपए का प्लान बनाया गया है। ताकि हिंडन नदी की दशा सुधारी जा सके। उसमें जो जलजीव रहते हैं, उनको नया जीवन मिले और सफाई के साथ हिंडन नदी सुंदर भी नजर आए।

### कूड़ा कलेक्शन गाड़ियों पर फिर उठे सवाल




करंट क्राइम : नगर निगम में कार्यकारिणी की बैठक के दौरान कूड़ा कलेक्शन करने वाली गाड़ियों की वर्किंग और ठीक प्रकार से कूड़ा ना उठाने, समय पर ना आने जैसे विषय सामने आए, तो उसको लेकर महापौर और नगर आयुक्त ने नाराजगी जताई है। साथ ही कहा गया है कि नेचर ग्रीन कंपनी की जांच कराई जाएगी। नगर निगम इन दिनों कूड़ा कलेक्शन वाहनों में चार अलग-अलग श्रेणी में कूड़ा उठा रहा है, उसके मानक का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है। इसके साथ ही नगर निगम के पार्षद राजीव शर्मा ने कहा कि कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां समय पर नहीं आती हैं। साथ ही उनके जो कर्मचारी हैं, वह महिलाओं और स्थानीय लोगों से ठीक व्यवहार नहीं रखते है। जिस पर पार्षदों ने एकजुटता दिखाई और इस पूरे मामले को लेकर इसकी रिव्यू कराने के लिए सहमति बनी है।

### आउटसोर्सिंग वाले कर्मचारियों का पुलिस करेगी वैरीफिकेशन : नगर आयुक्त



करंट क्राइम : नगर निगम कार्यकारिणी बैठक के दौरान नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा है कि जो भी लोग आउटसोर्सिंग के जरिए नगर निगम के साथ जुड़कर काम कर रहे हैं, जल्द ही पुलिस के जरिए उनका सत्यापन कराया जाएगा। अभी प्रदेश में कई नगर निगम में ऐसा पाया गया है कि जो लोग आउटसोर्सिंग पर हैं, वह ठीक नहीं है। उनका करैक्टर सर्टिफिकेट और पुलिस जांच होगी। साथ ही कोई बाहरी, रोहिंग्या या बांग्लादेशी तो नहीं है, इसकी भी तस्दीक करने के लिए पुलिस वैरिफिकेशन का अभियान जल्द चलाया जाएगा।

### अवैध होर्डिंग लगाने वालों पर जल्द होगा बड़ा एक्शन : महापौर



करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल ने कहा है कि नगर निगम के अधिकारियों की बिना मिली भगत और उनका कोर्ट से स्टे दिलाने में मदद की शिकायती उनके पास पहले से ही मौजूद हैं लेकिन अब अवैध होर्डिंग लगने वाले और इनको संरक्षण देने वालों पर नगर निगम भारी जुमार्ना लगाएगा। महापौर सुनीता दयाल ने कहा है कि अगर किसी भी पेंटिंग, नगर निगम की किसी भी दीवार, एड पोल पर बिना अनुमति के अवैध होर्डिंग लगेंगे, तो ऐसा करने वालों पर भारी जुमार्ना लगाया जाएगा।

### पार्षद बोले एक्यूआई सुधारने के लिए उद्यान पर बढ़ाया जाए बजट




करंट क्राइम : कार्यकारिणी की बैठक में पार्षदों ने मांग उठाई है कि गाजियाबाद में वायु प्रदूषण की स्थिति बेहद गंभीर है, हवा जहरीली हो रही है। ऐसे में उद्यान विभाग का बजट बढ़ाया जाए ताकि शहर में अधिक से अधिक हरियाली हो। वहीं वायु की गुणवत्ता में सुधार आएगा, इस पर अधिकारियों ने सहमति जताई है।

### पार्षद नीरज गोयल ने जीरो बजट पर जताई नाराजगी



करंट क्राइम : नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक के दौरान पार्षद नीरज गोयल ने जो आय-व्यय और बजट का विवरण दिया गया था, उसमें कई पार्षदों के यहां लाखों करोड़ों रुपए खर्च होने का हवाला दिया। तो उन्होंने कुछ वार्डो का जिक्र किया कि जहां का बजट जीरो है। इस पर नगर निगम के अधिकारियों का कहना था की फाइल पुनरीक्षित की जा रही हैं, ऐसा कोई वार्ड नहीं है जहां शून्य बजट रहा हो।

### 50 लाख का जनरेटर जल्द इस्तेमाल करेगा नगर निगम

करंट क्राइम : रमतेराम रोड में पार्किंग स्थल बनाया गया था, वहां लगभग 50 लाख रुपए की कीमत का जनरेटर रखा हुआ है, जो कई सालों से चला नहीं है, उसकी हालत खराब हो रही है। इस पर नगर आयुक्त और महापौर ने नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने भी आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि इसे इस्तेमाल मे लाना चाहिए तो नगर आयुक्त ने निर्देश दिया है कि नया जनरेटर बाद में आएगा। पहले इस जनरेटर की हालत और मरम्मत के बाद इसे इस्तेमाल में लाया जाएगा।

### पार्षद राजीव शर्मा ने सीवर टैक्स और अनियमिता को लेकर उठाए सवाल



करंट क्राइम : पार्षद राजीव शर्मा ने नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक में सीवर टेक्स की वसूली ठीक प्रकार से नहीं किए जाने और नगर निगम के अधिकारियों की मनमानी का आरोप लगाते हुए इस पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के साथ ही इसकी कई स्तर पर जांच करने की मांग की है।

### नंदग्राम में टंकी हैंडोवर नहीं होने का मुद्दा भी गर्मा

करंट क्राइम : नगर निगम के पार्षद राजीव शर्मा ने नंदग्राम में टंकी बने होने के सालों बाद भी उनके हैंडओवर नहीं होने के विषय को उठाया है। तो इस पर पार्षद अजय शर्मा ने भी कई कॉलोनी और पंप लगे होने के बावजूद उनके संचालन न होने के विषय को गंभीरता से रखा।

### सीवर समस्या पर उठा बवाक पर सवाल

करंट क्राइम : नगर निगम में वैशाली से पार्षद गौरव सोलंकी ने सीवर लाइन की समस्या का हवाला दिया और बताया कि वह नगर निगम के अधिकारियों से मांग करते हैं तो वह ना तो सीवर लाइन ठीक करवा रहे हैं और ना ही डलवा रहे हैं जबकि वह जब बवाक कंपनी से मिलते हैं, तो वह टालामटोली करते हैं। साथ ही ठीक प्रकार से काम भी नहीं हो रहा है।

# कार्यकारिणी उपाध्यक्ष वाला गेम जीतकर कराया प्रवीण चौधरी ने अपनी ताकत का एहसास




## सीन रहा कुछ ऐसा - मैं दिल में आता हूं समझ में नहीं

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** निगम कार्यकारिणी चुनाव के लिए शुरू से सस्पेंस मूवी जैसा माहौल चल रहा था। परम्परागत रूप से कोर की बैठक नहीं हुई और जिस नाम को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा थी उस नाम में अपना पर्चा वापस ले लिया। दैनिक करंट क्राइम ने पहले ही इस बात के संकेत दे दिये थे कि यहां पार्षद प्रवीण चौधरी के नाम की वाईल्ड कार्ड एन्ट्री होगी। ठीक वैसा ही हुआ और बुधवार को निगम कार्यकारिणी वाला ताज राजनगर के पार्षद प्रवीण चौधरी के सर पर आ गया। प्रवीण चौधरी ने ये साबित किया कि वो निगम की राजनीति के मंझे हुए खिलाड़ी हैं और उनकी पकड़ कहां तक है। निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष चुनाव को लेकर सबसे ज्यादा सस्पेंस इस बात को लेकर था कि कौन उम्मीदवार होगा। ये तो तय था कि जो भी बनेगा वो भाजपा से बनेगा। लेकिन कौन बनेगा इसको लेकर पूरा सीन सस्पेंस वाला था। कोर वाली बात से डिस्टेंस बन रहा था। संगठन ने कहा जो दिशा-निर्देश मिलेंगे और जनप्रतिनिधियों ने कहा कि हमसे कोई सलाह नहीं ली गई है। इन सबके बीच प्रवीण चौधरी का ये बयान आया कि वो पार्टी के अनुशासित सिपाही हैं। लेकिन अगर परम्परा से हट कर यानी कोर कमेटी से इतर कोई नाम आयेगा तो फिर वो चुनाव में आयेंगे। बुधवार को गेम शुरू हुआ और यहां पर जिस नाम की सबसे ज्यादा चर्चा थी उस नाम ने पर्चा भरा। फिर अचानक कोहरा छटा और सब हैरान रह गये कि सबसे ज्यादा चर्चा वाले नाम ने पर्चा ही वापस ले लिया। कोई बोला भी नहीं और मैच ओवर हो गया।

इस पूरे गेम में ये बात सबसे खास रही है कि कार्यकारिणी में प्रवीण चौधरी ने अपनी ताकत का मुलाहिजा पेश किया है। वो ये एहसास कराने में सफल रहे हैं कि मैं दिल में आता हूं समझ में नहीं। उनके पूरे प्लान को कोई समझ ही नहीं पाया और उन्होंने सधी हुई चालों के साथ पूरा गेम अपने नाम किया। इस पूरे सीन पर फोकस करें तो शुरूआत कार्यकारिणी चुनाव से हो गई। सबसे पहले प्रवीण चौधरी की नगर निगम कार्यकारिणी में एन्ट्री हुई। उसके बाद इस नाम को लेकर चर्चा चली ही रही थी। फिर वो कार्यकारिणी उपाध्यक्ष के लिए मैदान में आ गये। पूरे गेम को वॉच कर रहे लोगों को झटका तब लगा जब अचानक विनील दत्त ने नामांकन वापस लिया और प्रवीण चौधरी निर्विरोध निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष हो गये। बताया ये जाता है कि पर्चा वापस लेने और सबको शांत रहने वाले दिशा-निर्देश हाईकमान से मिले थे। नाम कोई नहीं ले रहा लेकिन गूंज लखनऊ से लेकर दिल्ली तक सुनाई दे रही है। प्रवीण चौधरी ने निगम की सियासत में अपनी ताकत का एहसास कराया है। वो सबसे पहले तमाम बगावत के बाद भी राजनगर में पार्षद का चुनाव जीते। उसके बाद वो कार्यकारिणी में आये और फिर वो कार्यकारिणी उपाध्यक्ष हो गये। प्रवीण चौधरी की राजनीति का अपना ही स्टाईल है और वो निगम के उन गिनती के चेहरों में आते हैं जिन्हें एक्ट का जानकार कहा जाता है। जिनके बारे में ये माना जाता है कि वो नगर निगम के अफसरों से काम करा लेने में सक्षम हैं।

निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष जैसे पद पर जो तेवर चाहियें वो उनके पास हैं। अब जब प्रवीण चौधरी निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष हो गये हैं तो यहां सभी सस्पेंस पर विराम लगा है लेकिन ये सवाल अब भी वहीं खड़ा है कि आखिर वो कौन सा फोन था जिसने सबकी टोन चेंज कर दी और फिर विदआउट इफ एंड बट प्रवीण चौधरी को झट पट निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष बनाया गया।

### प्रवीण चौधरी का मतलब पार्षदों के लिए तैयार हुआ सेकेंड प्लेटफार्म

करंट क्राइम। आखिर ऐसा क्या था कि निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष पद के लिए वो नाम बैकफुट पर आ गया जिस नाम की सिफारिश में मेयर, सांसद, विधायक फ्रंट फुट पर थे। अब जब पूरा गेम हो गया है तो यहां ये माना जा रहा है कि प्रवीण चौधरी के रूप में एक ऐसे चेहरे को लाया गया है जो पार्षदों के लिए सेकेंड प्लेटफार्म का काम करेगा। प्रवीण चौधरी एक ऐसा प्लेटफार्म होंगे, जहां पार्षद अपनी बात रख सकते हैं। अगर वो पहले प्लेटफार्म पर बात नहीं रख रहे तो दूसरे प्लेटफार्म के रूप में प्रवीण चौधरी मौजूद रहेंगे। उनमें नेतृत्व क्षमता है और व्यवहार के कुशल हैं लिहाजा पार्षद उनसे सम्पर्क करने में खुद को सहज महसूस करेंगे। निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष का पद महत्वपूर्ण माना जाता है और कार्यकारिणी में पास होने वाले कई प्रस्तावों में उपाध्यक्ष का दखल रहता है। वैसे भी प्रवीण चौधरी इससे पहले भी निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष रहे हैं और अब तो उन्होंने मंझे हुए खिलाड़ी के तौर पर ये मैच अपने नाम किया है।

## संपादकीय

# पेरिस समझौते की चुनौतियां

जलवायु परिवर्तन से उपजे संकट से निपटने के लिए वर्ष 2015 में वैश्विक स्तर पर पेरिस में एक महत्त्वपूर्ण समझौता हुआ था। इसका मुख्य लक्ष्य वैश्विक औसत तापमान में वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करना था। मगर इस समझौते में जताई गई प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रयास होते नजर नहीं आ रहे हैं।

हालांकि, विकासशील देश इस दिशा में आगे बढ़ने का इरादा रखते हैं, लेकिन वित्तीय और तकनीकी चुनौतियां उनकी राह में रोड़े अटका रही हैं। इसके बावजूद भारत और चीन जैसे देश पेरिस समझौते के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाने की कोशिश कर रहे हैं। जलवायु परिवर्तन पर शुरू हुई ह्यसंयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशनह्ण की 30वीं वार्षिक बैठक में इन दोनों देशों की परिवर्तनकारी भूमिका की सराहना की गई। साथ ही कहा गया कि इन देशों ने जलवायु कार्रवाई को स्पष्ट तरीके से अपनाया है और वे दुनियाभर में स्वच्छ प्रौद्योगिकियों की लागत कम करने में मदद कर रहे हैं।

दरअसल, पेरिस समझौते में तय हुआ था कि विकसित देश जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विकासशील देशों की वित्तीय और तकनीकी रूप से मदद करेंगे। मगर संयुक्त राष्ट्र की हाल की एक रपट बताती है कि यह वित्तीय मदद लगातार घट रही है। विकासशील देशों को वर्ष 2035 तक अपने लक्ष्यों को पाने के लिए हर साल 365 अरब डालर की जरूरत है, लेकिन वर्ष 2023 में इन देशों को केवल 26 अरब डालर की अंतरराष्ट्रीय सहायता मिल पाई, जो वर्ष 2022 के 28 अरब डालर से भी कम है। सवाल है कि विकसित देशों ने अपने वादे के अनुसार विकासशील देशों को पर्याप्त वित्तीय सहायता प्रदान करने से अपने कदम पीछे क्यों खींच लिए हैं

हो सकता है कि इन देशों को इसमें निजी हित नजर नहीं आ रहे हों, लेकिन उन्हें यह भी याद रखना चाहिए कि वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में उनका योगदान सबसे ज्यादा है। इस लिहाज से विकासशील देशों की वित्तीय मदद और स्वच्छ प्रौद्योगिकियों को अपनाने में उनका तकनीकी तौर पर सहयोग करना विकसित देशों की नैतिक जिम्मेदारी है। इस पर भी विचार करने की जरूरत है कि दशकों से इस मसले पर जताई जा रही अंतरराष्ट्रीय चिंता का हासिल अब तक कोई ठोस हल सामने क्यों नहीं ला सका है।

# भारतीय शेयर बाजार में जबरदस्त उछाल सेंसेक्स 595 अंक और निफ्टी 181 अंक चढ़े




**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार बुधवार को भारी बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 595.19 अंक उछलकर 84,466.51 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 180.85 अंक की बढ़त के साथ 25,875.80 पर बंद हुआ। वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी के बीच बुधवार को घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में लगातार तीसरे दिन तेजी जारी रही। व्यापारियों के अनुसार में शटडाउन के समाधान को लेकर बढ़े आशावाद और फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीदों से बाजार की धारणा को मजबूती मिली। विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के कारण बुधवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 16 पैसे टूटकर 88.66 (अनंतिम) पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान यह 780.69 अंक या 0.93 प्रतिशत की बढ़त के साथ 84,652.01 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 180.85 अंक या 0.70 प्रतिशत चढ़कर 25,875.80 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 239.6 अंक या 0.93 प्रतिशत चढ़कर 25,934.55 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

### ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 64.61 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.84 प्रतिशत घटकर 64.61 डॉलर प्रति बैरल रह गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 803.22 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 2,188.47 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे। मंगलवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 335.97 अंक उछलकर 83,871.32 पर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 120.60 अंक चढ़कर 25,694.95 पर बंद हुआ। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और विदेशी पूंजी निकासी के कारण बुधवार को शुरूआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले रुपया 15 पैसे गिरकर 88.65 पर आ गया।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फिनसर्व, अडानी पोर्ट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारती एयरटेल, इंफोसिस, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मास्युटिकल्स, इटरनल, टाइटन और बजाज फाइनेंस शामिल रहे। दूसरी ओर, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, कोटक महिंद्रा बैंक और पावरग्रिड पिछड़ गए।

### इन कारणों से बाजारों ने बेहतर प्रदर्शन किया

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिकी सरकार के बंद होने के अनुमानित समाधान को लेकर आशावाद व अमेरिकी श्रम बाजार में मंदी के संकेतों के बीच फेड द्वारा शीघ्र कटौती की बढ़ती उम्मीदों के कारण वैश्विक शेयर बाजारों में जोखिम उठाने की नई प्रवृत्ति के कारण तेजी आई। नायर ने कहा कि उभरते बाजारों ने बेहतर प्रदर्शन किया, जो वैश्विक धारणा में सुधार को दशार्ता है।

### यूरोपीय बाजारों में दिखी तेजी

एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी, हांगकांग का हैंगसेंग, जापान का निक्केई 225 बेंचमार्क बढ़त के साथ बंद हुआ, जबकि शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक नकारात्मक क्षेत्र में बंद हुआ। यूरोप के बाजारों में काफी तेजी देखी जा रही है। मंगलवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।

# विश्व बैंक के अर्थशास्त्री बोले 'भारत को 10 फीसदी तक पहुंचने के लिए बढ़ानी होगी उत्पादकता'

**नई दिल्ली।** विश्व बैंक के प्रमुख अर्थशास्त्री ऑरेलियन क्रूस भारत के सामने असली चुनौती 10 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करने के रास्ते तलाशने की है। भारत की आर्थिक वृद्धि की प्रमुख ताकत उसका बड़ा और लगातार बढ़ता कार्यशील जनसंख्या समूह है, जो लगभग 2050 तक बढ़ता रहेगा।




भारत ता दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बनी हुई है। विश्व बैंक के प्रमुख अर्थशास्त्री ऑरेलियन क्रूस का अनुमान है कि निकट भविष्य में देश की विकास दर 6 से 7 प्रतिशत के बीच रहेगी।

हालांकि, भारत के सामने असली चुनौती 10 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करने के रास्ते तलाशने की है। उन्होंने कहा कि इसके लिए उत्पादकता, दक्षता और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में बेहतर एकीकरण पर ध्यान देना होगा।

### आर्थिक वृद्धि की प्रमुख ताकत उसकी कार्यशील जनसंख्या समूह है

क्रूस के अनुसार, भारत की आर्थिक वृद्धि की प्रमुख ताकत उसका बड़ा और लगातार बढ़ता कार्यशील जनसंख्या समूह है, जो लगभग 2050 तक बढ़ता रहेगा। यह अनुकूल यानी सक्रिय कामकाजी आबादी का अधिक होना, भारत की आर्थिक प्रगति के लिए एक महत्वपूर्ण पूंजी है। इसके अलावा, भारत का तेजी से उभरता इनोवेशन हब के रूप में स्थान खासकर डिजिटल सेक्टर और वैश्विक क्षमता केंद्र (ऋष्ठउर) में उसकी उत्पादकता और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को नई ऊंचाई दे रहा है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया का सबसे पुराना उद्देश्य-निर्मित संग्रहालय (आधिकारिक तौर पर साल 1683 में खोला गया) ऑक्सफोर्ड का एशमोलेन संग्रहालय है।
- क्या आप जानते हैं? गृह युद्ध (1642 – 1646) के दौरान ऑक्सफोर्ड इंग्लैंड की राजधानी थी।
- एलिस इन वंडरलैंड से एलिस वास्तव में एलिस लिडेल नामक एक असली लड़की थी। असली एलिस, लुईस के एक कॉलेज मित्र – क्राइस्ट चर्च में डीन की पुत्री थी।
- होलीवेल म्यूजिक रूम (1748) यूरोप में सबसे पुराना संगीत प्रदर्शन कक्ष है।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों के कुछ वास्तव में 'विचित्र रस्मों-रिवाज' हैं। जैसे की, अपनी परीक्षा पूरी करने वाले छात्रों पर अंडे और पास्ता सॉस फेंकना।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों ने 158 ओलंपिक स्वर्ण पदक जीते हैं!
- क्या आप जानते हैं? ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय ने 27 ब्रिटिश प्रधानमंत्री शिक्षित किए हैं।
- आठ प्रतिशत लोगों में एक अतिरिक्त पसली होती है।
- मिक्की माउस का इटली में नाम टोपोलिनो है।

# भारतीय प्रवासी देख रहे हैं भारत-न्यूजीलैंड आर्थिक संबंधों में अपार संभावनाएं, तकनीक-पर्यटन मुख्य स्तंभ

**नई दिल्ली।** ऑकलैंड के भारतीय प्रवासी समुदाय का यह कहना है कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच आर्थिक रिश्तों को मजबूत करने के लिए पर्यटन, शिक्षा, डिजिटल टेक्नोलॉजी और साइबर सिक्योरिटी जैसे क्षेत्रों में बड़े अवसर मौजूद हैं। वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की हाल की ऑकलैंड और रोटोरुआ यात्रा से व्यापार वार्ता को काफी प्रोत्साहन मिला है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच आर्थिक रिश्तों को मजबूत करने के लिए पर्यटन, शिक्षा, डिजिटल टेक्नोलॉजी और साइबर सिक्योरिटी जैसे क्षेत्रों में बड़े अवसर मौजूद हैं। ऑकलैंड में भारतीय प्रवासी समुदाय का यह कहना है। भारत न्यूजीलैंड में अंतरराष्ट्रीय छात्रों का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत है।



### एफटीए के क्रियान्वयन से द्विपक्षीय व्यापार को मिलेगा बढ़ावा

क्रियान्वयन से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार को भारी बढ़ावा मिलेगा। यह वर्तमान में लगभग 1.4 अरब डॉलर है। बता दें कि दोनों देश व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ाने के लिए व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। बातचीत लगभग पूरी हो चुकी है। भारतीय पर्यटकों की बढ़ती संख्या ने पर्यटन क्षेत्र के रास्ते खोले इसी तरह के विचार साझा करते हुए प्रबंधन पेशेवर अजितेश शेखर ने कहा कि एयर सर्विसेज एग्रीमेंट के अपडेट और न्यूजीलैंड आने वाले भारतीय पर्यटकों की बढ़ती संख्या ने पर्यटन क्षेत्र में गहरे सहयोग के नए रास्ते खोले हैं।

### दोनों देशों के बीच मिलकर काम करने के आपार अवसर होंगे पैदा

वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की हाल की ऑकलैंड और रोटोरुआ यात्रा से व्यापार वार्ता को काफी प्रोत्साहन मिला है। ऑकलैंड स्थित कंप्यूटर इंजीनियर रानी सिंह ने कहा कि मैं दोनों देशों के बीच मिलकर काम करने के लिए अपार अवसर देखती हूं, न केवल व्यापार में, बल्कि शिक्षा, पर्यटन और प्रीमियम पेय पदार्थ व प्रौद्योगिकी जैसे नवाचार-संचालित उद्योगों जैसे दीर्घकालिक संबंध बनाने वाले क्षेत्रों में भी। उन्होंने कहा कि दोनों देश डिजिटल प्रौद्योगिकी, एआई और साइबर सुरक्षा में सहयोग से भी लाभ उठा सकते हैं। सिंह ने कहा कि इन क्षेत्रों में जहां भारत के पास व्यापकता और प्रतिभा है। वहीं न्यूजीलैंड नवाचार और मजबूत अनुसंधान वातावरण प्रदान करता है।

### दोनों देश मिलकर वैश्विक चुनौतियां का सामना करेंगे

उन्होंने आगे कहा कि हमें विश्वविद्यालयों और तकनीकी कंपनियों के बीच संयुक्त तकनीकी शिक्षा कार्यक्रमों, ऑनलाइन शिक्षण प्लेटफार्मों और छात्र आदान-प्रदान के अवसरों को प्रोत्साहित करना चाहिए। इस तरह के सहयोग दोनों देशों के छात्रों को वैश्विक चुनौतियों का मिलकर सामना करने के लिए तैयार करेंगे।

# चीन से आयातित खास रबर पर एंटी-डंपिंग जांच शुरू रिलायंस सिबुर इलास्टोमर्स की शिकायत पर कार्रवाई

**नई दिल्ली।** डीजीटीआर ने चीन से आयात होने वाले एक खास रबर पर एंटी-डंपिंग जांच शुरू की है। जांच की पहल रिलायंस सिबुर इलास्टोमर्स की शिकायत के बाद की गई है। कंपनी का आरोप है कि चीन से हेलो आइसोब्यूटेन और आइसोप्रीन रबर की डंपिंग से भारतीय निमार्ताओं को नुकसान हो रहा है। वाणिज्य मंत्रालय की इकाई डीजीटीआर ने चीन से आयात होने वाले एक खास रबर पर एंटी-डंपिंग जांच शुरू की है। यह रबर मुख्य रूप से ऑटोमोबाइल उद्योग में इस्तेमाल होता है।



### अगर आरोप सही साबित हुआ तो क्या होगा?

डीजीटीआर के अनुसार, अगर जांच में यह साबित होता है कि सस्ते आयात के कारण घरेलू कंपनियों को भौतिक नुकसान हुआ है, तो संस्था एंटी-डंपिंग शुल्क लगाने की सिफारिश करेगी। इस पर अंतिम निर्णय वित्त मंत्रालय लेगा।

यह रबर साइकिल, कार, ट्रक और औद्योगिक टायरों की इनर ट्यूब्स, साथ ही सील, टैंक लाइनिंग, कन्वेयर बेल्ट, सुरक्षा परिधान और खेल सामग्रियों जैसे बॉल ब्लैडर्स के निर्माण में भी उपयोग होता है।

### चीन से आयात पर एंटी-डंपिंग शुल्क लगाने की मांग

जांच की पहल रिलायंस सिबुर इलास्टोमर्स की शिकायत के बाद की गई है। कंपनी का आरोप है कि चीन से हेलो आइसोब्यूटेन और आइसोप्रीन रबर की डंपिंग से भारतीय निमार्ताओं को नुकसान हो रहा है। डीजीटीआर ने अपनी अधिसूचना में कहा कि आवेदक ने चीन से आयात पर एंटी-डंपिंग शुल्क लगाने की मांग की है ताकि घरेलू उद्योग को अनुचित मूल्य प्रतिस्पर्धा से बचाया जा सके।

### सस्ते आयात से घरेलू कंपनियों को हो रहा नुकसान

डीजीटीआर ने कहा है कि घरेलू कंपनी की ओर से दाखिल विस्तृत आवेदन और प्रस्तुत प्रारंभिक साक्ष्यों के आधार पर यह जांच शुरू की गई है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि चीन से रबर की डंपिंग से भारतीय उद्योग को नुकसान हो रहा है।

### भारत ने कई देशों पर लगाया है एंटी-डंपिंग शुल्क

भारत और चीन दोनों डब्ल्यूटीओ के सदस्य हैं। भारत ने इससे पहले भी चीन समेत कई देशों से आने वाले सस्ते आयातों पर एंटी-डंपिंग शुल्क लगाया है ताकि स्थानीय उद्योगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### एंटी-डंपिंग जांच क्यों की जाती है?

एंटी-डंपिंग जांच आमतौर पर तब शुरू की जाती हैं जब किसी देश में घरेलू उद्योग को सस्ते आयात से नुकसान पहुंचने की आशंका होती है। ऐसे मामलों में विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के ढांचे के तहत एंटी-डंपिंग ड्यूटी लगाई जाती है ताकि घरेलू उत्पादकों और विदेशी निर्यातकों के बीच समान प्रतिस्पर्धा का माहौल बनाया जा सके।

## राशिफल

**मेष:** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। गृहिणियां विशेष सावधानी रखें।

**वृष:** अविवाहितों के लिए वैवाहिक प्रस्ताव आ सकता है। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मिथुन:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शत्रुता में वृद्धि हो सकती है। भूमि व भवन के खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। बड़ा लाभ के योग हैं।

**कर्क:** धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**सिंह:** पुराने शत्रु सक्रिय रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है, धैर्य रखें।

**कन्या:** परिवार के छोटे सदस्यों के अध्ययन तथा स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। लापरवाही न करें। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी।

**तुला:** थकान महसूस होगी। शारीरिक आराम की आवश्यकता रहेगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**वृश्चिक:** शरीर साथ नहीं देगा। स्वास्-?थ्य का ध्यान रखें। उत्साह बढ़ेगा। कार्य की बाधा दूर होकर स्थिति लाभप्रद रहेगी।

**धनु:** प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी की अपेक्षाएं बढ़ेगी।

**मकर:** कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास मनोनुकूल रहेंगे।

**कुंभ:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होगी। योजना में परिवर्तन हो सकता है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मीन:** अनहोनी की आशंका रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

## चुटकुले

पत्नी: सुनो जी, मैं मायके जा रही हूँ!
पति: ठीक है, जल्दी आ जाना!
पत्नी: याद करोगे न?
पति: हर बार बिजली का बिल देखकर!

मरीज: डॉक्टर साहब, मुझे हँसी नहीं आती!
डॉक्टर: ये गोली लो, हँसी आ जाएगी!
मरीज: क्या इसमें जोक लिखा है क्या?
डॉक्टर: नहीं, बिल देखना बाद में!

दोस्त: भाई, तेरे पास पैसे क्यों नहीं बचते?
गोलू: क्योंकि मेरी जेब में छेद है!
दोस्त: तो सिलवा ले!
गोलू: जेब में नहीं, किस्मत में है!

बॉस: तुम रोज लेट क्यों आते हो?
कर्मचारी: सर, रास्ते में सपना पूरा कर रहा था!
बॉस: कौन सा सपना?
कर्मचारी: समय पर ऑफिस पहुँचना!

## 13 11 2025 करंट क्राइम

## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं — आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन




जूही चावला (अभिनेत्री)

अनुष्का कश्यप | चेतन त्यागी | मनोज जयंत | पंकज गुप्ता | मोहित त्यागी
संजीव वर्मा | उम्मेद पाल सिंह | विकी अग्रवाल | अमित शर्मा | डा नरेन्द्र कुमार
इमरान मलिक | मुकेश कुमार | नितिन प्रधान | संजय गौतम | संजीव कुमार राणा | विवेक भाटी
अमित शर्मा | ओवेश चौधरी | रोकी चौधरी | विनीत यादव

सूचना: आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
**Email: currentcrimenews@gmail.com**

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# आरसीबी 3 बड़े खिलाड़ियों को कर सकती है रिलीज

## इससे पर्स में आएंगे 19.75 करोड़ रुपये



**आरसीबी के लिए यह रिटेंशन प्रक्रिया संतुलन बनाने की कवायद है। टीम अब चैंपियन बनने के बाद और भी सटीक रणनीति के साथ उतरना चाहेगी ताकि 2026 में अपने खिताब का बचाव कर सके।**



**बंगलूरू।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (फ्ङ्ढ) ने आईपीएल 2025 में इतिहास रचते हुए आखिरकार अपना पहला खिताब जीता था। विराट कोहली की कप्तानी में वर्षों का सपना साकार हुआ और अब टीम आईपीएल 2026 के सीजन में बतौर डिफेंडिंग चैंपियन उतरेगी। हालांकि, इस बार आरसीबी बड़े बदलाव करने के मूड में नहीं दिख रही है, लेकिन कुछ खिलाड़ियों पर तलवार लटक रही है जिन्हें टीम नवंबर 15 से पहले रिलीज कर सकती है।

### लिविंगस्टोन की छुट्टी लगभग तय!

सबसे बड़ा नाम जो रिलीज लिस्ट में शामिल हो सकता है, वह है इंग्लैंड के ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन। फ्ङ्ढ ने उन्हें 8.75 करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन उन्होंने आईपीएल 2025 में केवल 112 रन बनाए और टीम की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। आरसीबी के पास पहले से ही टिम डेविड, जितेश शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, जैकब बेथेल और क्रुणाल पांड्या जैसे मजबूत मिडल ऑर्डर विकल्प हैं। ऐसे में लिविंगस्टोन की भारी कीमत के चलते उन्हें बाहर किया जा सकता है।

### भारतीय तेज गेंदबाजों पर भी संकट

तेज गेंदबाजी विभाग में भी कुछ नामों पर संशय है।

जहां जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार ने मिलकर 39 विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया, वहीं यश दयाल और रसीख सलाम दर को टीम से बाहर का रास्ता दिखाया जा सकता है। यश दयाल की फॉर्म टूर्नामेंट के आखिरी हिस्से में गिरी, वहीं ऑफ-फील्ड विवाद ने भी उनकी मुश्किलें बढ़ा दीं। रसीख सलाम को छह करोड़ में खरीदा गया था, लेकिन वह केवल दो मैच ही खेल पाए और कोई खास प्रभाव नहीं छोड़ सके।

### फ्री होगी 19.75 करोड़ की राशि

अगर आरसीबी लिविंगस्टोन, दयाल और रसीख को रिलीज करती है, तो टीम को लगभग 19.75 करोड़ रुपये की राशि मिलेगी जिसे वे मिनी ऑक्शन में उपयोग कर सकती है। यह रकम उन्हें किसी बड़े विदेशी खिलाड़ी या उभरते भारतीय स्टार को जोड़ने का मौका दे सकती है।

### टीम के स्टार खिलाड़ी रहेंगे बरकरार

आरसीबी अपने मुख्य खिलाड़ियों को बनाए रखेगी। विराट कोहली और फिल सॉल्ट की ओपनिंग जोड़ी IPL 2025 की सबसे सफल जोड़ियों में रही।

रजत पाटीदार ने कप्तान के तौर पर टीम को खिताब दिलाया, जबकि देवदत्त पडिक्कल ने नंबर तीन पर शानदार प्रदर्शन किया।

### संभावित रिटेन और रिलीज सूची

**संभावित रिटेन खिलाड़ी :** रजत पाटीदार, विराट कोहली, फिल सॉल्ट, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, मयंक अग्रवाल, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, जैकब बेथेल, क्रुणाल पांड्या, जोश हेजलवुड, भुवनेश्वर कुमार, लुंगी एनगिडी, नुवान तुषारा, सुयश शर्मा, स्वस्तिक चिकार, स्वप्निल सिंह, मनोज भंडांगे।

**संभावित रिलीज खिलाड़ी :** लियाम लिविंगस्टोन, यश दयाल, रसीख सलाम, मोहित राठी, अभिनंदन सिंह।

---

'हमारे लिए कोई माफी नहीं' भारत से हार और आलोचना पर टूटा

# हारिस का सब्र

## एशिया कप फाइनल की नाकामी पर रोते दिखे



**कराची।** खराब प्रदर्शन की वजह से आलोचनाओं के घेरे में आए पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ का रोना जारी है। दरअसल, एशिया कप के दौरान फाइनल में भारतीय बल्लेबाजों ने उनकी खूब धुनाई की थी और उनके एक 17 रन के ओवर ने मैच पलट दिया था। अब इस पर हारिस रऊफ ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की कठोरता पर खुलकर अपनी बात रखी है। रऊफ ने कहा कि क्रिकेट में खिलाड़ियों से हमेशा रोबोट जैसी परफॉर्मेंसट की उम्मीद की जाती है, जबकि वे भी इंसान हैं और उनसे भी गलती हो सकती है। रऊफ ने यह बयान श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे मैच के बाद दिया, जिसमें उन्होंने चार विकेट लेकर पाकिस्तान को छह रन से जीत दिलाई।

### 'हमारे लिए कोई माफी नहीं', हारिस का दर्द

पोस्ट-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब रऊफ से उनके बड़े मैचों में फ्लॉप होने पर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने साफ कहा, 'हमारे लिए कोई माफी नहीं होती। हमसे हमेशा रोबोट जैसी परफॉर्मेंस की उम्मीद की जाती है। लेकिन हम इंसान हैं, हमारे भी बुरे दिन आ सकते हैं।' रऊफ ने कहा कि क्रिकेट में हर खिलाड़ी का एक खराब दिन आता है, लेकिन जरूरी यह है कि वह हार न माने। हारिस ने कहा, 'मुख्य बात यह है कि आप हारें नहीं। बुरे दिन से कोई मरता नहीं है। हमें अपनी स्किल्स पर भरोसा रखना होता है और गलतियों को सुधारते रहना चाहिए।'

### एशिया कप फाइनल की नाकामी और आलोचना

रऊफ ने यह भी माना कि एशिया कप फाइनल में भारत के खिलाफ उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा था, जहां उन्होंने सिर्फ 3.4 ओवर में 50 रन लुटाए थे। उन्होंने कहा, 'कभी-कभी हमारी योजनाएं काम नहीं करतीं। एक खराब दिन आपकी मेहनत को



नहीं मिटा सकता, लेकिन आलोचनाएं जरूर बढ़ जाती हैं।' हारिस ने कहा, 'लोग 10 अच्छे मैच भूल जाते हैं और एक खराब मैच को याद रखते हैं। किसी खिलाड़ी को आलोचना पसंद नहीं होती, लेकिन यही हकीकत है, हमारे लिए माफी नहीं होती।'

### टेस्ट क्रिकेट खेलने की इच्छा जताई

हारिस रऊफ ने यह भी खुलासा किया कि वे पाकिस्तान के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलने को तैयार हैं। उन्होंने कहा, 'मैं पाकिस्तान के लिए टेस्ट खेलना चाहता हूं। मैं तैयार हूं, बस सेलेक्टर्स हमें पहले से बता दें ताकि हम रेड-बॉल क्रिकेट की तैयारी कर सकें। वहां एक दिन में बहुत ओवर फेंकने होते हैं।

---

# द. अफ्रीकी खिलाड़ियों ने मारी बाजी, वोलवार्ट और सेनुरन बने अक्तूबर के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को अक्तूबर के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला और पुरुष खिलाड़ियों के नाम का एलान कर दिया। दिलचस्प बात यह है कि दोनों अवॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों ने ही जीते हैं।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को अक्तूबर के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला और पुरुष खिलाड़ियों के नाम का एलान कर दिया। दिलचस्प बात यह है कि दोनों अवॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों ने ही जीते हैं। महिला वनडे विश्व कप 2025 में सर्वाधिक स्कोर बनाने वाली एल. वोलवार्ट ने आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीता जबकि दक्षिण अफ्रीका के ही स्पिन गेंदबाज सेनुरन मुथुस्वामी ने आईसीसी पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार अपने नाम किया।

**महिला विश्व कप में वोलवार्ट का धमाका**

भारत और श्रीलंका की मेजबानी में खेले गए महिला वनडे विश्व कप 2025 में दक्षिण अफ्रीका



की कप्तान एल. वोलवार्ट ने शानदार प्रदर्शन किया था और अपनी टीम को फाइनल तक पहुंचाया। उनके इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें अक्तूबर माह के सर्वश्रेष्ठ प्लेयर अवॉर्ड से नवाजा गया। वोलवार्ट ने इस महीने में खेले कुल आठ वनडे मैचोंमें 97.91 के स्ट्राइक रेट से कुल 470 रन बनाए। दाएं हाथ की बल्लेबाज ने आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार हासिल करने के बाद कहा, 'भारत में हुए विश्व कप में टीम के प्रदर्शन के बाद यह पुरस्कार जीतना सम्मान की बात है।'

**नोमान और राशिद को पीछे छोड़ सेनुरन बने विजेता**

आईसीसी ने अक्तूबर माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में बाएं हाथ के स्पिनर सेनुरन मुथुस्वामी को चुना है। उन्होंने पाकिस्तान के नोमान अली और अफगानिस्तान के राशिद खान को पीछे छोड़कर यह अवॉर्ड जीता। मुथुस्वामी को दक्षिण अफ्रीका के पाकिस्तान दौरे के दौरान बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन के लिए यह अवॉर्ड मिला है। मुथुस्वामी ने कहा, 'आईसीसी द्वारा महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने जाने पर बहुत अच्छा लग रहा है, खासकर इसलिए क्योंकि यह टेस्ट क्रिकेट में प्रदर्शन के आधार पर दिया गया है, एक ऐसा प्रारूप जिसमें हर खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करना चाहता है।' पाकिस्तान के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में मुथुस्वामी ने 106 रन बनाए और 11 विकेट लिए थे। इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया था।

---

# करियर में दूसरी बार शीर्ष रैंकिंग हासिल करने के करीब पहुंचे कार्लोस अल्काराज

**नई दिल्ली।** टेनिस स्टार कार्लोस अल्काराज अपने करियर में दूसरी बार शीर्ष रैंकिंग हासिल करने के करीब पहुंच गए हैं। इसके लिए उन्हें अब केवल एक जीत की दरकार है। अल्काराज ने मंगलवार को एटीपी फाइनल्स टेनिस टूनार्मेंट में टेलर फ्रिट्ज को 6-7 (2), 7-5, 6-3 से हराया। उन्हें अब यानिक सिनर की जगह साल के आखिर में नंबर एक रैंकिंग हासिल करने के लिए या तो अपने ग्रुप के अंतिम मैच में लोरेंजो मुसेट्टी को हराना होगा या फिर सेमीफाइनल में जीत दर्ज करनी होगी।

'नंबर एक रैंकिंग के बारे में नहीं सोचना वास्तव में बहुत मुश्किल'

अल्काराज ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मैं इसके बारे में सोचने की कोशिश नहीं कर रहा हूं। लेकिन नंबर एक रैंकिंग के बारे में नहीं सोचना वास्तव में बहुत मुश्किल है।'



अल्काराज दुनिया के शीर्ष आठ खिलाड़ियों के बीच खेले जा रहे सत्र के इस टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में भी पहुंच गए हैं। उन्होंने मुसेट्टी की एलेक्स डी मिनौर पर 7-5, 3-6, 7-5 से जीत से अंतिम चार में अपनी जगह सुरक्षित की। अगर स्पेन के रहने वाले अल्काराज आगे कोई मैच नहीं जीत पाते हैं और सिनर अपना खिताब बचाने में सफल रहते हैं तो फिर इटली का खिलाड़ी साल के आखिर में भी नंबर एक रैंकिंग पर बना रहेगा।

---

# श्रीलंकाई खिलाड़ियों पर 2009 जैसे आतंकी हमले का खतरा?

## पाकिस्तान दौरे पर गई टीम की सुरक्षा बढ़ाई गई

**रावलपिंडी।** इस्लामाबाद में हाल ही में हुए आत्मघाती हमले के बाद पाकिस्तान में दौरे पर आई श्रीलंकाई क्रिकेट टीम की सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया गया है। सोमवार को इस हमले में 12 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हुए थे। इसके बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (ढउइ) ने त्वरित कदम उठाते हुए सुरक्षा व्यवस्था को फूलप्रूफ बनाने के आदेश दिए हैं।

**मोहसिन नकवी ने खुद संभाली जिम्मेदारी:** सूत्रों के मुताबिक, पीसीबी अध्यक्ष और पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने श्रीलंकाई टीम के अधिकारियों से मुलाकात की और उन्हें भरोसा दिलाया कि खिलाड़ियों की सुरक्षा में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। उन्होंने टीम को आश्वासन दिया कि मैदान से होटल तक, हर स्तर पर पाकिस्तान आर्मी



**पीसीबी अध्यक्ष और पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने श्रीलंकाई टीम के अधिकारियों से मुलाकात की और उन्हें भरोसा दिलाया कि खिलाड़ियों की सुरक्षा में कोई कमी नहीं रखी जाएगी।**

और पैरामिलिट्री रेंजर्स को तैनात किया गया है।

**पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर साधा निशाना:** पाकिस्तान सरकार ने एक बार फिर अप्रत्यक्ष रूप से अफगान तालिबान सरकार पर आरोप लगाया है कि उनकी जमीन का इस्तेमाल तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान जैसे आतंकी संगठनों द्वारा किया जा रहा है। **बड़ी त्रासदी टली, सेना ने बचाए 300 छात्र:** इस्लामाबाद धमाके के अलावा, उत्तरी पाकिस्तान के वाना इलाके में भी एक बड़ा आतंकी हमला नाकाम किया गया। आतंकियों ने वाना कैडेट कॉलेज को निशाना बनाने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षा बलों की तत्परता से सभी 300 छात्रों को सुरक्षित निकाल लिया गया।

पाकिस्तान के सूचना मंत्री अता तारार ने कहा कि यदि सुरक्षा बल तुरंत कार्रवाई नहीं करते, तो यह घटना 2018 के पेशावर स्कूल हमले जैसी बड़ी त्रासदी बन सकती थी।

**याद आया 2009 का हमला**

पाकिस्तान में 2009 में हुए लाहौर हमले की याद अब भी ताजा है, जब टीटीपी आतंकियों ने श्रीलंकाई टीम बस पर हमला किया था। इस घटना के बाद लगभग 10 वर्षों तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट पाकिस्तान से दूर रहा।

इसी वजह से पीसीबी इस बार कोई जोखिम नहीं लेना चाहता। सूत्रों के मुताबिक, नकवी ने खुद स्टेडियम पहुंचकर सुरक्षा का जायजा लिया और खिलाड़ियों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की।

**श्रीलंका का दौरा जारी रहेगा**

श्रीलंका की टीम रावलपिंडी में तीन वनडे मैच खेलने के बाद 17 से 29 नवंबर तक जिम्बाब्वे के साथ होने वाली टी20 त्रिकोणीय सीरीज में हिस्सा लेगी। पीसीबी ने साफ कर दिया है कि खिलाड़ियों की सुरक्षा राज्य की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

---

# पहले टेस्ट में ध्रुव जुरेल की टीम इंडिया में जगह पक्की

## कोच ने किया एलान, कहा वह शानदार फॉर्म मे हैं

**ऋषभ पंत की फिटनेस के बाद भी जुरेल को बतौर बल्लेबाज खेलने का मौका मिलेगा। इस बार टीम प्रबंधन ने पंत को विकेटकीपिंग की भूमिका में रखा है, जबकि जुरेल को स्पेशलिस्ट बल्लेबाज के रूप में शामिल किया गया है।**



**कोलकाता।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच शुक्रवार से शुरू हो रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले टीम इंडिया ने अपने संयोजन को लगभग तय कर लिया है। टीम के सहायक कोच रेयान टेन डेशकाटे ने बुधवार को पुष्टि की कि विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल पहले टेस्ट में खेलेंगे, जबकि ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी को बाहर बैठना पड़ सकता है।

उन्होंने कहा, 'हमारे पास संयोजन को लेकर साफ रणनीति है। पिछले छह महीनों में ध्रुव का प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने हाल ही में बंगलूरू में दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ दो शतक लगाए हैं, इसलिए वह निश्चित रूप से इस हफ्ते खेलेंगे।'

**नीतीश रेड्डी को नहीं मिला पर्याप्त गेम टाइम**

कोच डेशकाटे ने आगे कहा कि टीम की रणनीति जीत पर केंद्रित है और फिलहाल नीतीश रेड्डी को लेकर कोई बदलाव नहीं किया गया है। उन्होंने कहा, 'नीतीश को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर ज्यादा गेम टाइम नहीं मिला था। इस सीरीज के महत्व और परिस्थितियों को देखते हुए, ऐसा लगता है कि वह पहले टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे।'

**जुरेल का शानदार फॉर्म बना चयन की वजह**

ध्रुव जुरेल ने घरेलू सीजन में लगातार शानदार प्रदर्शन किया है। उनकी हालिया आठ फर्स्ट-क्लास पारियों में स्कोर इस प्रकार रहे- 140, 1 और 56, 125, 44 और 6, 132 और 127 नाबाद रन। इस दौरान उन्होंने तीन शतक, एक अर्धशतक और एक 40+ स्कोर बनाया। ऐसे में चयनकताओं और टीम प्रबंधन के पास उन्हें नजरअंदाज करने का कोई कारण नहीं था। जुरेल पहले ही अपने टेस्ट डेब्यू पर शतक जड़ चुके हैं और उन्हें टीम का भविष्य का मुख्य बल्लेबाज माना जा रहा है।

**ऋषभ पंत की वापसी के बावजूद जगह बनाई**

ऋषभ पंत की फिटनेस के बाद भी जुरेल को बतौर बल्लेबाज खेलने का मौका मिलेगा। इस बार टीम प्रबंधन ने पंत को विकेटकीपिंग की भूमिका में रखा है, जबकि जुरेल को स्पेशलिस्ट बल्लेबाज के रूप में शामिल किया गया है। यह उनकी तकनीकी मजबूती और लगातार प्रदर्शन की गवाही है।

**भारत का लक्ष्य मजबूत शुरूआत**

कोलकाता में होने वाला यह मुकाबला सीरीज का पहला टेस्ट है और टीम इंडिया का लक्ष्य शानदार शुरूआत करना होगा। दक्षिण अफ्रीका जैसी मजबूत टीम के खिलाफ घरेलू परिस्थितियों में जुरेल का चयन टीम को संतुलन और गहराई दोनों देगा। टीम इंडिया टेस्ट चैंपियंस दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज भी जीतना चाहेगी। इससे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए उनका दावा और मजबूत होगा।

---

# शुभमन गिल के साथ रिश्ता क्या कहलाता है?

## अभिनेत्री शहनाज का बड़ा खुलासा, दिया करारा जवाब

**रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में जब शहनाज से पूछा गया कि क्या उनका शुभमन गिल से कोई रिश्ता है, तो उन्होंने हंसते हुए इसका जवाब दिया। आइए जानते हैं...**



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस और टीवी स्टार शहनाज गिल ने हाल ही में भारतीय क्रिकेटर शुभमन गिल के साथ अपने रिश्ते पर चल रही अफवाहों पर मजेदार अंदाज में जवाब दिया। बिग बॉस 13 से लोकप्रिय हुईं शहनाज अब फिल्मों और म्यूजिक वीडियोज में भी सक्रिय हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर लंबे समय से यह चर्चा थी कि शहनाज और शुभमन आपस में भाई-बहन हैं, क्योंकि दोनों का सरनेम 'गिल' एक जैसा है।

**पॉडकास्ट में दिया मजेदार जवाब**

रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में जब शहनाज से पूछा गया कि क्या उनका शुभमन गिल से कोई रिश्ता है, तो उन्होंने हंसते हुए कहा, 'वो मेरे भाई होंगे। शायद हमारे ही साइड के हैं, अमृतसर साइड के। जब वो ट्रेंड करते हैं, तो मेरा नाम भी ट्रेंड करने लगता है। सच में, भाई-बहन का कोई तो कनेक्शन होगा।'

शहनाज ने आगे मुस्कुराते हुए कहा, 'मैंने खुद से पूछा और यही जवाब मिला। हम एक ही साइड के हैं, तो हां, कुछ तो कनेक्शन होगा। अच्छा है, वो अच्छा खेल रहे हैं और बहुत प्यारे हैं।' उनका यह जवाब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है और फैंस इसे 'शहनाज स्टाइल' में दिया गया मजेदार और दिलचस्प रिप्लाई बता रहे हैं।

**गांगुली ने की शुभमन गिल की तारीफ**

इसी बीच, पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने शुभमन गिल की जमकर तारीफ की और उन्हें परफेक्ट कप्तान बताया। उन्होंने कहा, 'शुभमन गिल शानदार बल्लेबाज हैं और एक बेहतरीन कप्तान भी। इंग्लैंड में जाकर टीम की कप्तानी करना आसान नहीं होता, लेकिन उन्होंने अद्भुत काम किया। वो ऑल-फॉर्मेट खिलाड़ी हैं और भारत का भविष्य हैं।' गांगुली ने आगे कहा कि गिल का आत्मविश्वास और परिपक्वता उन्हें बाकी युवा खिलाड़ियों से अलग बनाती है।

**रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन से सबको किया प्रभावित**

शुभमन गिल ने बतौर टेस्ट कप्तान अपने पहले ही सीरीज में इतिहास रच दिया। इंग्लैंड के खिलाफ पाँच टेस्ट मैचों की सीरीज में उन्होंने 754 रन बनाए, जिसमें चार शतक शामिल रहे। उन्होंने सुनील गावस्कर का पुराना रिकॉर्ड तोड़ते हुए किसी टेस्ट सीरीज में भारतीय कप्तान द्वारा बनाए गए सबसे अधिक रन का नया रिकॉर्ड बनाया। गिल के प्रदर्शन ने न केवल फैंस बल्कि क्रिकेट विशेषज्ञों को भी प्रभावित किया है। अब सभी की निगाहें भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज पर टिकी हैं, जिसमें गिल से फिर बड़े प्रदर्शन की उम्मीद है।



# गाजियाबाद आसपास




# राजनगर एक्सटेंशन में सड़कों के निर्माण कार्यों का प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने किया स्थलीय निरीक्षण

## कच्ची सड़कों पर पानी का छिड़काव कराने के दिए निर्देश

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के उपाध्यक्ष नन्द किशोर कलाल ने बुधवार को राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में चल रहे सड़कों के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विकास कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उपाध्यक्ष नन्द किशोर कलाल ने अग्रवाल हाइट्स से भट्टा नंबर-5 को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने 18 मीटर और 24 मीटर चौड़ी सड़कों के निर्माण में आ रही बाधाओं को मौके पर समझा और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार संबंधी निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने यह भी कहा कि कच्ची सड़कों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जाए, ताकि धूल और प्रदूषण की समस्या से स्थानीय निवासियों को राहत मिल सके।

प्राधिकरण अधिकारियों ने जानकारी दी कि राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में लंबे समय से लंबित सड़क निर्माण परियोजनाओं को अब पुनः गति प्रदान की जा रही है। अग्रवाल हाइट्स से भटटा नंबर-5 तक की सड़क, जिसका कार्य वर्षों से बाधित था, अब पुनः प्रारंभ हो गया है और तेजी से प्रगति पर है। उपाध्यक्ष के निर्देशों के अनुपालन में निर्माण अनुभाग ने सड़क निर्माण हेतु निर्धारित एलाइनमेंट के अंतर्गत आने वाली भूमि को खाली कराने और डिमार्केशन की कार्यवाही तेज कर दी है। प्राधिकरण के सिविल अभियंत्रण एवं भू-अर्जन अनुभाग के अधिकारियों ने स्थल पर पहुंचकर भूमि का डिमार्केशन कार्य पूरा किया और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। स्थानीय निवासियों को चेतावनी दी गई कि प्रस्तावित सड़क की भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण सहन नहीं किया जाएगा और विकास कार्यों में बाधा डालने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस सड़क के निर्माण से राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा, यातायात दबाव में कमी आएगी तथा क्षेत्रवासियों को विकास कार्यों का सीधा लाभ प्राप्त होगा।

# पार्षद शिल्पा चौधरी ने आदर्श पार्क में 400 फुट के अवैध कब्जे की शिकायत नगर आयुक्त से की








**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** पार्षद शिल्पा चौधरी ने आदर्श पार्क में अवैध कब्जे की शिकायत नगर आयुक्त से पत्र के माध्यम से की है। उन्होंने कहा कि वसुंधरा वार्ड 61 में आदर्श पार्क है, जिसमें एक बीमा का कार्यालय बना हुआ है। निगम ने एक छोटा बूथ बना कर दिया था लेकिन अब 400 फुट के करीब पार्क में कब्जा किया हुआ है। इसकी बार-बार शिकायत के बाद भी पार्क से अवैध निर्माण नहीं हटाया जा रहा है। पार्षद शिल्पा चौधरी ने आरोप लगाया कि अधिकारी उनकी शिकायतों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने नगर निगम से अवैध कब्जों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# नोएडा पुलिस ने फ्लिपकार्ट ट्रक से चोरी करने वाले 3 बदमाश गिरफ्तार, 20 लाख का माल बरामद



**नोएडा।** दिल्ली एनसीआर के विभिन्न जनपदों में सक्रिय होकर फ्लिपकार्ट व अन्य ऑनलाइन कंपनियों के ट्रकों से कीमती सामान चोरी करने वाले एक गिरोह के 3 बदमाशों को आज थाना फेस-1 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से से अलग-अलग कंपनी के ट्रकों से चोरी किया 20 लाख रुपये का कीमती सामान एवं अवैध शस्त्र बरामद किया है। इससे पूर्व पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया था। डीसीपी नोएडा यमुना प्रसाद ने बताया कि थाना फेस-1 पुलिस ने आज फ्लिपकार्ट व अन्य ऑनलाइन कंपनियों की गाडी से सामान चोरी करने वाले 3 अभियुक्तों संजय खान पुत्र जलालुद्दीन, जितेन्द्र सिंह पुत्र कमल सिंह तथा लोकेश पुत्र ब्रह्मदेव को एक सूचना के आधार पर सेक्टर-14 गंदे नाले के पुल के पास से गिरफ्तार किया है।

# दिल्ली ब्लास्ट पर बोले यति नरसिंहानंद

## अल फलाह यूनिवर्सिटी को खत्म कर देना चाहिए



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** डासना स्थित शिवशक्ति धाम के महंत और श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने एक वीडियो जारी करके भारत सरकार से फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी को खत्म करने की मांग की है। साथ ही, उन्होंने कहा, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी और दारुल उलूम देवबंद जैसे जिहादियों के गढ़ों को भारतीय सेना के हवाले कर दिया जाना चाहिए। इन खूनी संस्थानों को उड़ाने से पहले इनमें रहने वाले और पढ़ने वाले जिहादियों को चीन की तरह सुधारगृह में भेज देना चाहिए।

उन्होंने साथ ही साथ यह भी मांग की कि जो भी जिहादियों का साथ दे या जिहादियों के पक्ष में बोले, उस पर भी मुकदमा चलाकर जेल भेजा जाना चाहिए।

## स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति पर हुई विस्तृत समीक्षा

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न



**नोएडा।** विकास भवन स्थित सभागार में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति-शासी निकाय की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों और सेवाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार ने पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं उपलब्धता को सुदृढ़ बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं पर निरंतर कार्य किया जा रहा है। सीएमओ ने अपने प्रस्तुतीकरण में आउटडोर मरीजों की स्थिति, संस्थागत प्रसव को बढ़ावा, टीबी उन्मूलन अभियान, यूपी हेल्थ डैशबोर्ड में जिले की रैंकिंग सुधार हेतु कार्ययोजना, टेलीमेडिसिन सेवा, प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान, सैम बच्चों की पहचान एवं उपचार, ई-कवच ऐप का उपयोग, एनसीडी स्क्रीनिंग, एनआरसी केंद्रों का संचालन, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण अभियान, एचएनबीसी-एचबीवाईसी कार्यक्रम, जननी सुरक्षा योजना, तथा आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति संबंधी विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी स्वास्थ्य योजनाओं के लक्ष्य निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाएं तथा जिला स्वास्थ्य सूचकांकों में सुधार के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को और सुदृढ़ बनाने के लिए सर्विलांस, जनजागरूकता और निगरानी तंत्र को मजबूत किया जाए।

# सड़क सुरक्षा के लिए नोएडा पुलिस की अभिनव पहल : विजन सेफ रोड की शुरूआत

**नोएडा।** सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा के उद्देश्य से कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर द्वारा एक अभिनव तकनीकी पहल विजन सेफ रोड-दुर्घटना न्यूनीकरण के लिए एक अतिरिक्त मील की शुरूआत की गई है। इस पहल के अंतर्गत कमिश्नरेट क्षेत्र के विभिन्न मार्गों एवं हिस्सों पर विभिन्न श्रेणी के वाहनों (भारी, मध्यम, हल्के, दोपहिया आदि) के लिए निर्धारित अधिकतम गति सीमा को गूगल मैप पर लाइव प्रदर्शित करने का शुभारंभ किया।



गूगल मैप नोएडा में गाड़ी चलाने वालों को रास्ते के साथ-साथ सड़कों की गति सीमा भी बताएगा। सड़क सुरक्षा को बेहतर करने के लिए कमिश्नरेट पुलिस ने यह तकनीकी पहल की है। इस प्रणाली के लागू होने से वाहन चालक को नेविगेशन करते समय अपने गूगल मैप पर वाहन की वास्तविक गति तथा मार्ग की अधिकतम निर्धारित गति सीमा एक साथ दिखाई देगी। इससे चालक को यह सहज रूप से ज्ञात हो सकेगा कि वह निर्धारित गति सीमा के भीतर वाहन चला रहा है अथवा निर्धारित गति सीमा से तेज वाहन चला रहा है। यह चेतावनी वाहन चालक को अपने वाहन की गति नियमित करने के लिए स्वतः प्रेरित करेगी।

नोएडा के सेक्टर-108 स्थित पुलिस आयुक्त कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं का सबसे प्रमुख कारण तेज गति से वाहन चलाना है। यह वाहन चालक के साथ-साथ दूसरों की सुरक्षा के लिए भी घातक है। हर सड़क पर गति सीमा इसलिए तय की गई है ताकि दुर्घटनाओं की संभावना को न्यूनतम किया जा सके। उन्होंने कहा कि वाहन चालकों की जागरूकता के लिए इस नवीनतम तकनीकी पहल की शुरूआत की गई है, जिसकी सहायता से वाहन चालक अपनी निर्धारित गति से चल सकेंगे।

यदि सभी लोग वाहन चलाते समय नियमों का पालन करेंगे, तो खुद भी सुरक्षित रहेंगे और दूसरों को भी सुरक्षित रखेंगे। गूगल इंडिया की भारत में हेड रोली अग्रवाल ने कहा कि गुगल मैप का उद्देश्य सदैव उपयोगकताओं को सुरक्षित, सटीक और सहज यात्रा अनुभव प्रदान करना रहा है। गौतमबुद्धनगर पुलिस के साथ इस साझेदारी के माध्यम से हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि चालक सड़क की निर्धारित गति सीमा से अवगत रहें और नियमों का पालन करते हुए अपनी तथा दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। यह पहल भारत में स्मार्ट और सुरक्षित परिवहन व्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण वर्चुअल माध्यम से जुड़े। उन्होंने कहा कि पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर का यह अभिनव प्रयास सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने में एक महत्वपुर्ण कदम साबित होगा। इस सिटीजन सेन्ट्रीक पहल से सड़क पर होने वाले दुर्घटनओं मे निश्चित रुप से कमी आएगी।

डीजीपी ने अपने उद्बोधन में पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह एवं उनकी टीम के द्वारा इस अभिनव तकनीकी पहल की सराहना की गयी तथा गूगल मेप इंडिया एवं लेप्टन सॉफ्टवेयर की टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह द्वारा विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था राजीव नारायण मिश्र द्वारा कार्यक्रम में सम्मिलित सभी विशिष्ट अतिथियों का आभार प्रकट किया गया।

# गाजियाबाद में एनएच-9 पर राठी मिल कट के पास कार से टकराई बाइक, तीन नाबालिग युवकों की मौत



**गाजियाबाद। करंट क्राइम।** एनएच-9 पर राठी मिल कट के पास एक दर्दनाक हादसा हो गया। इस हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। तेज रफ्तार बाइक आगे चल रही कार से टकरा गई। जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवकों को तत्काल अस्पताल अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यह हादसा मंगलवार देर रात को हुआ। पुलिस के अनुसार, एक बाइक पर सवार होकर तीन युवक दिल्ली से गाजियाबाद आ रहे थे। बाइक की स्पीड बहुत ज्यादा थी। राठी मिल कट के पास अचानक आगे चल रही कार में बाइक घुस गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवकों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। तीनों मृतक क्रॉसिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र के शांतिनगर में गली नंबर छह के रहने वाले थे। इनमें 16 वर्षीय आर्यन, 15 वर्षीय भावुक तोमर और 11 वर्षीय मयंक हैं।

# किसानों की गिरफ्तारी के विरोध में गाजियाबाद के टोयोटा शो रूम का घेराव

## ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर पहुंचे भाकियू कार्यकर्ता

**गाजियाबाद। करंट क्राइम।** टोयोटा के शोरूम पर धरना देने वाले किसानों को गिरफ्तार करने के विरोध में बुधवार को बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर ट्रॉली के साथ शोरूम पर धरना देने पहुंच गए। किसानों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए शोरूम को बंद कर दिया गया। भारतीय किसान यूनियन से जुड़े किसानों ने सोमवार और मंगलवार को ट्रांस हिंडन एरिया के उत्तम टोयोटा शोरूम पर धरना दिया। किसानों का कहना है कि शोरूम मैनेजमेंट की कथित मनमानी और उपभोक्ता शिकायतों की अनदेखी को लेकर अनिश्चितकालीन धरना दिया गया। किसानों ने शो रूम के बाहर चूल्हा जलाया, कढ़ाई चढ़ाई और वहीं भोजन तैयार किया।



भाकियू पदाधिकारियों ने कहा कि जब तक पीड़ित किसानों को न्याय नहीं मिलता, तब तक यह धरना जारी रहेगा। भाकियू जिलाध्यक्ष चौधरी बिजेंद्र सिंह ने बताया कि किसान रामकुमार चौधरी और महेश यादव ने शोरूम से एक साथ दो नई गाड़ियां खरीदी थीं। उनमें से एक गाड़ी में खरीद के कुछ समय बाद ही खराबी आ गई। शिकायत करने पर कंपनी ने जांच का आश्वासन दिया, लेकिन अब प्रबंधन न तो बात करने को तैयार है और न ही वाहन की अदला-बदली या मरम्मत कर रहा है। इसके विरोध में धरना दिया गया तो बुधवार को शोरूम की शिकायत पर पुलिस ने धरना देने वाले किसानों को गिरफ्तार कर लिया। इस की सूचना मिलते ही पूरे जिले से सैंकडों की संख्या में किसान शोरूम पहुंच गए। और धरना देना शुरू कर दिया। किसानों का कहना है कि उत्तम टोयोटा के दूसरे शो रूम पर भी धरना शुरू किया जाएगा।

# कौशांबी में सड़क निर्माण कार्य का हुआ शुभारंभ



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कौशांबी में मंगलवार को सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ। कार्य का शुभारंभ क्षेत्रीय पार्षद कुसुम मनोज गोयल के पार्षद निधि से कराया गया। सड़क निर्माण कार्य के शुरू होने से स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। इस दौरान पार्षद ने क्षेत्र में हो रहे अन्य विकास कार्यों की जानकारी दी। इस मौके पर दीपक गुप्ता, सुधीर गुप्ता, अमरेश तिवारी, अनिल मल्होत्रा व धीरेंद्र कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।




# अब ट्रैफिक में किए गए 12 थ्री-स्टार

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में ट्रैफिक को लेकर कभी संकट के बादले नजर आते हैं। तो कभी मामला विभाग के अंदर का ही बाहर आ जाता है। कभी नए अधिकारी बुला लिए जाते हैं, तो कभी पुराने भेजे जाने के आदेश आ जाते हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में ट्रैफिक महकमे को सुधारने के लिए जितने प्रयास, अभ्यास और कयास लगा रहे हैं, उतने सफल होते नजर नहीं आ रहे हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिली है कि जिस ट्रैफिक पुलिस में थ्री-स्टारों की संख्या आधा दर्जन होती थी, उसे बढ़ाकर नौ कर दिया गया था और अब इसके बाद यह संख्या 12 पहुंच गई है। अब आलम यह है कि इन दिनों कई थ्री-स्टार तो अपने निजी वाहनों में ट्रैफिक वालों को ड्यूटी के लिए ढोते घूम रहे हैं। तो वहीं इनके कई अधिकारियों के लिए आवास और अन्य व्यवस्थाओं का टोटा चल रहा है। उधर सुनने में आ रहा है कि जिस तरीके से अब ट्रैफिक में महिलाओं की दिलचस्पी बढ़ रही है, उसके फायदे और नुकसान भी आने शुरू होंगे। तो वहीं अंडर ट्रांसफर चल रहे कई लोगों ने दूसरे कमिश्नरेट में ना जाकर यहां मोर्चा मार लिया है। कुल मिलाकर वरिष्ठ अधिकारियों की कोशिश है कि ट्रैफिक का सिस्टम पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पहले से बेहतर हो, उसके प्रयास चल रहे हैं पर जिस तरीके से अंदर के समीकरण बन रहे हैं, उससे चर्चाएं कम नहीं हो रही हैं। वहीं एक थ्री-स्टार को लेकर मामला शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। कई स्तर के अधिकारी उन्हें हिलाने में लगे हुए हैं, पर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सोशल मीडिया पर दो थ्री-स्टार ही जमकर धूम मचा रहे हैं। उनकी रील हजारों में पहुंच रही है। तो वह सावधानी वाला संदेश भी दे रहे हैं। उधर देहात से लेकर नदियापार तक बहुत तरीके के कार्यक्रम हो रहे हैं। तो वहीं सुनने में आ रहा है कि कभी सर्किल में रंग जमाने वाले एसीपी साहब वहां अब थोड़े एक्टिव मोड में आ गए हैं। हालांकि उन पर जिम्मेदारी कई हैं, पर देखना होगा कि आगे की परी कैसी रहेगी। फिलहाल एसीपी स्तर की लखनऊ वाली लिस्ट और आईपीएस लिस्ट का अभी कमिश्नरेट वाले अधिकारियों को कितना वेट करना पड़ेगा, इसकी कोई गारंटी नहीं बताई जा रही है। तो लोकल सूत्र बता रहे हैं कि थाना प्रभारियों और चौकी प्रभारियों वाली लिस्ट को लेकर भी अंतिम मंथन शनिवार- रविवार में हो सकता है और उसके बाद कमिश्नरेट की लोकल लिस्ट आउट की जा सकती है। जिसके बाद सिटी, नदिया पार और देहात में कई थानों के फेस रिप्लेस और रेस्ट वाले मोड पर नजर आएंगे। कुल मिलाकर देखना होगा कि आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में ट्रैफिक विभाग में क्या नए समीकरण बनते हैं और किसको आउट किया जाता है।



# श्रीमद्भागवत कथा का पांचवां दिन

## ईश्वर पर विश्वास करें, नहीं रुकेगा कोई कार्य : आचार्य संजय बहुखंडी





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम शिप्रा सनसिटी फेस टू के जॉगर्स पार्क में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन बुधवार को आचार्य संजय बहुखंडी ने श्रोताओं को पूतना उद्धार और श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की कथा सुनाई।

कथा व्यास ने कहा कि ईश्वर के ऊपर पूरा भरोसा करिए कि अगर तुम ईश्वर के प्रति समर्पित रहेंगे तो वह आपके किसी भी कार्य को रुकने नहीं देंगे। सबसे बड़ी समस्या यह है कि कभी हमें विश्वास होता है तो कभी नहीं। विश्वास में सबसे बड़ी बात यह है कि जो भी कुछ जीवन में घटित होता है, अर्थात अच्छा या बुरा।

एक बात अवश्य समझ लें कि भगवान ने आपके लिए अच्छा ही किया है, बुरा नहीं। भगवान के भक्त कभी किसी से शिकायत नहीं करते। अपने कर्म को ईमानदारी से करते चले जाइए। जो होता चला जाए, उसे ठाकुर जी की मर्जी समझकर स्वीकार करिए। भगवान से कभी यह प्रश्न मत करिए कि उनके साथ ऐसा क्यों हुआ। जब आप यह प्रश्न करते हैं तो उसी समय आपको भगवान पर संदेह होता है कि वह है कि नहीं। जो जीव भगवान पर दृढ़ विश्वास करता है, ईश्वर उसे कभी अकेला नहीं छोड़ते। जिस दिन आप ठाकुर जी के हो जाएंगे, उस दिन पूरा संसार आपका हो जाएगा। हमेशा अपने भगवान पर पूरा भरोसा रखे। गुरु, ब्राह्मण, संत और भगवान सभी हृदय से प्रसन्न होते हैं, न कि आपकी की गई व्यवस्था से। सिर्फ नोट या पद के बल पर अगर आशीर्वाद मांगेंगे तो नहीं मिलेगा। जीवन में विनम्रता बहुत महत्वपूर्ण है। मुख्य रूप से अनिल नेगी मनोज नेगी वीरेंद्र सिंह पिंटू तोमर सीपी बालियान आदि लोग मौजूद रहे।

# देश में प्राइमरी शिक्षा की हालत गंभीर : रामदुलार यादव

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष रामदुलार यादव ने कहा कि देश में प्राइमरी शिक्षा की हालत गंभीर स्थिति में है। उन्होंने कहा कि एक लाख से अधिक विद्यालय बंद हो गए हैं और समाज का कमजोर वर्ग शिक्षा से वंचित हो रहा है। उन्होंने सरकार से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था करने की मांग की और कहा कि भारतीय संविधान में प्राइमरी शिक्षा अनिवार्य है।



रामदास यादव ने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों की स्थिति गंभीर है और इस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अधिकार हर बच्चे का है और सरकार को इस दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए। रामदास यादव ने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में संसाधनों की कमी और शिक्षकों की कमी के कारण शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। उन्होंने सरकार से प्राथमिक विद्यालयों की स्थिति में सुधार करने और बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया। इस अवसर पर लोकसभा सदस्य दरोगा प्रसाद सरोज, प्रधान पंधारी यादव, अनिल सभासद राम प्रसाद आदि लोग मौजूद रहे।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति

करंट क्राइम






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समर कूल परिवार के मुखिया संजीव गुप्ता का यह अंदाज है कि वह हमेशा अपनों की खुशियों में सबसे आगे बढ़कर शामिल होते हैं। निगम पार्षद प्रवीण चौधरी को उन्होंने उनकी सफलता पर बधाई दी और उन्हें अपना पारिवारिक सदस्य बताया। समर कूल मैन संजीव गुप्ता का यह अंदाज उन्होंने फेसबुक पर साझा किया। मुस्कुराते हुए चेहरों की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।



# रूस ने दक्षिणी यूक्रेन में अग्रिम मोर्चे पर तेज किए हमले तीन बस्तियों पर कर लिया कब्जा



**कीव।** रूसी सेना ने दक्षिणी जापोरिझिया क्षेत्र में तीन बस्तियों पर कब्जा कर लिया है। रूस ने चार साल पहले यूक्रेन पर पूर्ण आक्रमण शुरू किया था और अब तक वह देश के लगभग एक-पांचवें हिस्से पर नियंत्रण कर चुका है। इस बीच, अमेरिका ने रूस की तेल कंपनियों पर नए प्रतिबंध लगाए हैं, ताकि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर युद्धविराम स्वीकार करने के लिए दबाव बनाया जा सके।

यूक्रेन के शीर्ष सैन्य कमांडर ने बुधवार को बताया कि रूस की सेना ने दक्षिणी जापोरिझिया क्षेत्र में तीन बस्तियों पर कब्जा कर लिया है। यह कदम उस समय उठाया गया है, जब रूसी सेना यूक्रेन के और अधिक इलाकों पर कब्जा करने के प्रयासों को बढ़ा रही है।

जनरल ओलेक्जेंडर सिरस्की ने टेलीग्राम पर लिखा कि घने कोहरे की आड़ में रूसी सैनिक यूक्रेनी मोर्चों में घुसने में सफल रहे। उन्होंने कहा कि यूक्रेनी सैनिक इन हमलों को रोकने के लिए 'कठिन लड़ाई' लड़ रहे हैं। हालांकि, उन्होंने बताया कि अभी भी पूर्वी डोनेत्स्क क्षेत्र के शहर पोकरोव्स्क में सबसे भीषण संघर्ष जारी है, जहां पिछले 24 घंटों में लगभग आधे मोर्चों पर झड़पें हुईं।

यूक्रेन के पूर्वोत्तर खारकीव क्षेत्र के कुपियांस्क और लिमान शहरों में भी हाल के दिनों में संघर्ष तेज हुआ है। रूस ने लगभग चार साल पहले यूक्रेन पर अपना पूर्ण आक्रमण शुरू किया था और अब तक वह लगभग एक-पांचवां हिस्सा अपने कब्जे में ले चुका है। अमेरिका की ओर से रूस के तेल क्षेत्र पर नए प्रतिबंध 21 नवंबर से लागू होने वाले हैं। इन प्रतिबंधों का मकसद रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर युद्धविराम स्वीकार करने के लिए दबाव बनाना है।

इस बीच, कीव सरकार अपने शीर्ष अधिकारियों से जुड़े एक भ्रष्टाचार विवाद से जूझ रही है। प्रधानमंत्री यूलिया स्विरीदेंको ने बताया कि जांच के दायरे में आने के बाद न्याय मंत्री हरमन हालुशचें को बुधवार को निलंबित कर दिया गया है।

## तेल कंपनियों पर नए प्रतिबंधों से पुतिन पर दबाव

अमेरिका ने रूस की सबसे बड़ी तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर नए प्रतिबंध लगाए गए हैं, जिससे पुतिन पर दबाव और बढ़ गया है। अब तक रूसी राष्ट्रपति ने किसी गंभीर शांति वार्ता में भाग नहीं लिया है। यूक्रेन और पश्चिमी देशों का कहना है कि पुतिन समय खींच रहे हैं ताकि उनकी सेना और इलाकों पर कब्जा कर सके। रूस की बड़ी और आधुनिक सेना ने अपने हमले तेज कर दिए हैं, जिससे यूक्रेन की सीमित संसाधनों वाली सेना पर भारी दबाव पड़ा है। यूक्रेनी अधिकारियों ने सितंबर में बताया था कि मोर्चे की लंबाई अब लगभग 1,250 किलोमीटर तक बढ़ गई है। राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने इस महीने कहा था कि डोनेत्स्क क्षेत्र में रूस ने लगभग 1.7 लाख सैनिक तैनात किए हैं।

## रूसी सेना कई इलाकों पर किया कब्जा

पिछले चार हफ्तों में रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि उसकी सेना ने डोनेत्स्क में नौ, जापोरिझिया में आठ, द्निप्रोपेत्रोव्स्क में सात और खारकीव में पांच बस्तियों पर कब्जा किया है। हालांकि, यह लगातार जारी युद्ध रूस के लिए बेहद महंगा साबित हुआ है। वॉशिंगटन के 'इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ वॉर' ने बताया कि रूस का पोकरोव्स्क पर कब्जे का अभियान धीमा है क्योंकि वह अपने सैन्य संसाधनों को कई मोर्चों पर फैला रहा है।

## सर्वोच्च अदालत ने दूतावास की जमीन के लिए रूस का दावा किया खारिज



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया की सर्वोच्च अदालत ने बुधवार को रूस की उस कानूनी चुनौती को खारिज कर दिया, जिसमें उसने अपने नए दूतावास के लिए लीज रद्द किए जाने का विरोध किया था। अदालत ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर लीज रद्द करने का अधिकार रखती है, लेकिन उसे रूस को मुआवजा देना होगा। सातों न्यायाधीशों ने सर्वसम्मति से फैसला सुनाया कि सरकार का कदम कानूनी था, मगर रूस को आंशिक क्षतिपूर्ति मिलनी चाहिए। अदालत ने यह भी आदेश दिया कि ऑस्ट्रेलिया रूस के मुकदमे के आधे कानूनी खर्चों का भुगतान करे।

ऑस्ट्रेलिया की अटॉर्नी जनरल मिशेल रोलैंड ने कहा, 'सरकार अदालत के इस फैसले का स्वागत करती है कि हमने राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए सही कदम उठाया। ऑस्ट्रेलिया हमेशा अपने मूल्यों और राष्ट्रीय सुरक्षा के पक्ष में खड़ा रहेगा।' उन्होंने यह भी कहा कि सरकार अब अदालत के आदेश के अनुसार मुआवजे के भुगतान पर विचार करेगी।

2008 में ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने कैनबरा में संसद भवन से करीब 300 मीटर दूर रूस को नई दूतावास इमारत बनाने के लिए जमीन दी थी। 2023 में प्रधानमंत्री अल्बनीज ने खुफिया एजेंसी का हवाला देते हुए आपात कानून पास कर रूस की लीज रद्द कर दी थी। रूस ने इस कदम को 'रूस-विरोधी उन्माद' बताया और अदालत में चुनौती दी। रूसी वकीलों का कहना था कि यह कानून असंवैधानिक है क्योंकि सरकार कोई ठोस सबूत नहीं दे पाई कि राष्ट्रीय सुरक्षा को असल खतरा था। उन्होंने कहा कि अगर लीज बहाल नहीं होती, तो रूस को मुआवजा मिलना चाहिए।

## जी 7 समिट के बीच वर पर कनाडाई विदेश मंत्री का बड़ा बयान



**ओंटारियो।** जी-7 देशों के बीच इस्राइल-हमास युद्ध और रूस-यूक्रेन जंग को लेकर भी मतभेद साफ नजर आ रहे हैं। कुछ देश फलस्तीन को संघर्ष का हल निकले बिना ही मान्यता देने को तैयार है।

कनाडा के दक्षिणी ओंटारियो में जी-7 बैठक के लिए सात देशों के राजनयिक इकट्ठा हो रहे हैं। अमेरिका के पारंपरिक सहयोगी कनाडा जैसे देश के साथ रिश्तों में आई कड़वाहट, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गाजा शांति समझौते और रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने की कोशिशों पर संशय के बीच इसे एक अहम बैठक माना जा रहा है।

कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने बुधवार (12 नवंबर, 2025) को कहा कि ट्रेड को लेकर दबाव के बावजूद कई मुद्दों पर रिश्तों को जारी रखना होगा। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के साथ ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली और जापान में अपने समकक्षों की मेजबानी के लिए कनाडा तैयार है।

अनीता आनंद ने इस बैठक के लिए ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, भारत, सऊदी अरब, मेक्सिको, दक्षिण कोरिया, दक्षिण अफ्रीका और यूक्रेन के विदेश मंत्रियों को भी न्योता दिया है। कनाडाई विदेश मंत्री ने कहा कि 11 नवंबर, 2025 की रात में जरूरी मुद्दों में मिडिल-ईस्ट में लंबे समय तक शांति और स्थिरता पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि शांति समझौते को बरकरार रखा जाना चाहिए।

बैठक में आज राजनयिकों की यूक्रेन के विदेश मंत्री से मुलाकात होगी। ब्रिटेन ने कहा कि रूस के तेज होते हमलों के बीच मानवीय आधार पर हम 17 मिलियन डॉलर की मदद यूक्रेन को देंगे, जिससे ऊर्जा ढांचे की मरम्मत की जा सके।

जी-7 देशों के बीच इस्राइल-हमास युद्ध को लेकर भी मतभेद साफ नजर आ रहे हैं। ब्रिटेन, कनाडा और फ्रांस ने गाजा संघर्ष का हल न निकलने पर भी फलस्तीन देश को मान्यता देंगे। वहीं रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर ज्यादातर जी-7 के सदस्य देशों ने ट्रंप के ठीक उलट पुतिन पर कड़ा रुख अपना रखा है।

अमेरिका संग रिश्तों पर अनीता आनंद ने बड़ा बयान देते हुए कहा, "हर पेचीदा रिश्तों में कुछ टच पॉइंट होते हैं. ट्रेड की बात करें तो इस पर काम जारी है।" उन्होंने ये भी साफ किया कि मार्को रूबियो संग मुलाकात में ट्रेड पर बातचीत नहीं होगी, क्योंकि इस पर कोई मंत्री चर्चा करेंगे।

## टेक्सास नदी में कयाक पलटने से दो किशोर डूबे, पिता लापता

**नई दिल्ली।** टेक्सास की एक नदी में कयाक पलट जाने से दो किशोर डूब गए और उन्हें बचाने के लिए नदी में कूदने वाले एक लड़के के पिता अभी भी लापता हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

सैन जैसिंटो काउंटी शेरिफ कार्यालय ने बताया कि दोनों किशोर कैमिला शहर के निकट और लिविंगस्टन बांध के दक्षिण में एक नाव रैंप के पास थे, जब रविवार शाम को ट्रिनिटी नदी में तूफानी स्थिति के कारण उनकी कयाक पलट गई। शेरिफ कार्यालय के अनुसार, एक लड़के के पिता उन्हें बचाने के लिए नदी में कूद पड़े।

तीनों पानी में डूब गए और फिर बाहर नहीं आ पाए। टेक्सास पार्क एवं वन्यजीव विभाग के कानून प्रवर्तन प्रभाग, टेक्सास गेम वार्डन्स के अनुसार, 14 और 15 वर्ष की आयु के दो किशोरों के शव रविवार रात को बरामद किये गये।

## 'आतंक शहरों को हिला सकता है, हमारी आत्मा को नहीं', नेतन्याहू ने दिल्ली धमाके पर जताया शोक

**तेल अवीव।** दिल्ली के लाल किले के पास हुए धमाके के बाद कई देशों ने भारत के प्रति शोक व्यक्त किया। इसी बीच इस्राइल ने भी भारत के प्रति गहरी संवेदना जताई है। इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत की जनता के नाम संदेश लिखा। इसमें उन्होंने लिखा कि कि आतंकवाद हमारी आत्मा को कभी नहीं हिला सकता। साथ ही उन्होंने कहा कि इस मुश्किल घड़ी में इस्राइल भारत के साथ खड़ा है।

नेतन्याहू ने अपने बयान में कहा, 'हमारे प्रिय मित्र नरेंद्र मोदी और भारत के बहादुर लोगों के लिए मैं और पूरा इस्राइल, पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। आतंक हमारे शहरों पर हमला कर सकता है, लेकिन यह हमारी आत्माओं को कभी नहीं तोड़ सकता।' उन्होंने आगे कहा कि भारत और इस्राइल ही दो ऐसे देश हैं, जिनकी प्राचीन सभ्यताएं आज भी अपने मूल्यों पर टिकी हैं और आतंकवाद के खिलाफ मजबूती से खड़े हैं।



**दिल्ली के लाल किले के पास हुए धमाके पर इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत की जनता के प्रति संवेदना जताई है।**

### इस्राइली विदेश मंत्री ने भी जताई संवेदना

इस्राइली विदेश मंत्री गिडोन सार ने भी भारत के प्रति संवेदना जताते हुए कहा कि ह्रहम भारत और पीड़ित परिवारों के साथ हैं।सोमवार शाम करीब 7 बजे लाल किले के पास सुबहाश मार्ग पर एक कार में हुए धमाके ने इलाके में अफरा-तफरी मचा दी। इस हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई और कई घायल हुए। घटना के बाद देशभर में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं।

### दिल्ली धामके की जांच में क्या?

दिल्ली धमाके के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने इस घटना की जांच अपने हाथ में ले ली है। सूत्रों के अनुसार, जांच में पाया गया है कि यह हमला जैश-ए-मोहम्मद के एक मॉड्यूल से जुड़ा हो सकता है। एनआईए ने वरिष्ठ अधिकारियों की देखरेख में एक विशेष टीम बनाई है जो पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच करेगी। गृह मंत्रालय ने भी इस धमाके में आतंकी साजिश की आशंका जताई है।

### धमाके की जांच के अहम बिंदु

एनआईए ने यह भी स्पष्ट किया है कि जांच में यह देखा जाएगा कि धमाका योजनाबद्ध था या दुर्घटनावश हुआ। इस बीच, केंद्रीय और राज्य सुरक्षा एजेंसियों के बीच भी समन्वय बढ़ाया गया है ताकि किसी बड़े नेटवर्क या विदेशी कड़ी का पता लगाया जा सके। गृह मंत्रालय के आदेश के बाद एनआईए ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## म्यांमार की वायुसेना में रूस और चीन के विमान-हेलिकॉप्टर्स हुए शामिल

**म्यांमार ने रूस के हेलीकॉप्टर और चीन के विमान अपनी वायुसेना में शामिल किए हैं। दोनों देश अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के बावजूद उसे सैन्य मदद दे रहे हैं। इन नए विमानों से म्यांमार की सेना की वायु सीमा सुरक्षा और अभियानों की क्षमता बढ़ेगी। विशेषज्ञों का कहना है कि यह कदम दिखाता है कि म्यांमार की सेना कूटनीतिक दबावों की परवाह किए बिना वायु शक्ति पर और अधिक निर्भर हो रही है।**



**बैंकॉक।** म्यांमार ने अपनी वायुसेना में रूस के हेलिकॉप्टर और चीन के विमान शामिल किए हैं। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है, जब ये दोनों देश अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद म्यांमार के सैन्य शासन को हथियार और उपकरण मुहैया करा रहे हैं, ताकि देश में जारी खूनी गृहयुद्ध को समाप्त किया जा सके।

### प्रतिबंधों के बावजूद हथियार मुहैया करा रहे चीन-रूस

अमेरिका, यूरोपीय संघ और अन्य देशों ने म्यांमार पर प्रतिबंध लगाए हैं, जिनमें हथियारों की बिक्री पर रोक भी शामिल है। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, रूस और चीन लगातार म्यांमार की सेना को सैकड़ों मिलियन डॉलर मूल्य के हथियार और उपकरण दे रहे हैं।

### सीमा सुरक्षा सुनिश्चित करने की क्षमता बढ़ाएंगे विमान-हेलिकॉप्टसः सेना

सेना की ओर से जारी तस्वीरों में तीन रूसी एमआई-38टी हेलिकॉप्टर और दो चीनी वाई-8 विमान दिखाए गए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इनका इस्तेमाल पर्वतीय इलाकों में सैनिकों को भेजने के अभियानों में किया जाएगा। सेना ने कहा कि परिवहन विमान म्यांमार की वायु सीमा की सुरक्षा सुनिश्चित करने की क्षमता बढ़ाएगा। इन विमानों को सात नवंबर को राजधानी नेपीडॉ में आयोजित एक समारोह में शामिल किया गया।



### कूटनीतिक दबावों के बावजूद हथियार खरीद रही सेना

म्यांमार के शीर्ष सैन्य शासक जनरल मिन आंग ह्लाइंग ने कहा, मौजूदा अंतरराष्ट्रीय संघर्ष और आंतरिक हालात स्पष्ट रूप से दिखाते हैं कि सभी प्रकार के विमानों की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है। सिंगापुर स्थित अंतरराष्ट्रीय रणनीतिक अध्ययन संस्थान (आईआईएसएस) के विश्लेषक मॉर्गन माइकल्स ने कहा, रूस से मिल रहे नए हेलिकॉप्टर्स और विमानों की आपूर्ति दिखाती है कि आर्थिक और कूटनीतिक दबावों के बावजूद म्यांमार की सेना अब भी जरूरी उपकरण हासिल कर रही है और रूस इसके लिए जीवनरेखा बना हुआ है। रक्षा खुफिया कंपनी 'जेंस' के मुताबिक, म्यांमार रूस के निर्यात का पहला ज्ञात ग्राहक है जिसने एमआई-38टी हेलिकॉप्टर खरीदे हैं। सैन्य मामलों पर नजर रखने वाले 'मिलिटरी एक्सपर्टीज फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म' समूह ने कहा कि सेना की यह तैयारी दिखाती है कि वह वायु शक्ति पर और अधिक निर्भर करेगी और देशभर में अपने अभियानों को तेज करेगी। यह संगठन उन पूर्व सैन्य अधिकारियों का है जो अब लोकतंत्र समर्थक आंदोलन का हिस्सा हैं। साल 2021 में सेना ने आंग सान सू ची की लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार से सत्ता छीन ली थी, जिसके बाद पूरे देश में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन हुए।

इन प्रदर्शनों को हिंसा के जरिए कुचला गया, तो कई नागरिकों ने हथियार उठा लिए और देश अब एक गृहयुद्ध में फंस गया है। सेना ने भारी हथियारों और वायु शक्ति के सहारे कई इलाकों पर फिर से नियंत्रण हासिल किया है।

हालांकि देश के बड़े हिस्से पर अब भी लोकतंत्र समर्थक पीपुल्स डिफेंस फोर्स और जातीय विद्रोही समूहों का कब्जा है, जो दशकों से स्वायत्तता की मांग कर रहे हैं।

## 'टैक्स सिस्टम से आपको कंट्रोल किया जाता है' एलन मस्क की वीडियो ने इंटरनेट पर मचाई सनसनी

**फर्ग्युसन ने लिखा कि 'यह आपको कंट्रोल करने का चक्र है। एक ऐसी व्यवस्था है, जो आपको आदेश मानने के लिए बनाई गई है। सरकार आपके पैसे को उन चीजों पर खर्च करती है, जिन पर आपकी सहमति ही नहीं होती।'**






**वॉशिंगटन।** अरबपति उद्योगपति एलन मस्क का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वे टैक्स सिस्टम पर निशाना साधते दिख रहे हैं। एलन मस्क के इस वीडियो को कई लोगों ने साझा किया है। ब्रिटेन के मानवाधिकार कार्यकर्ता जिम फर्ग्यूसन ने भी एलन मस्क की इस वीडियो को साझा किया है।

### 'टैक्स सिस्टम आपको कंट्रोल करने का चक्र'

वीडियो के साथ फर्ग्युसन ने लिखा कि 'एलन मस्क ने आधुनिक गुलामी को एक वाक्य में समझा दिया है। आप काम करते हैं, तो आपको टैक्स देना पड़ता है। आप कुछ खरीदते हैं तो भी आपको टैक्स देना पड़ता है और अगर आपके पास कोई संपत्ति है तो उस पर भी आपको टैक्स देना पड़ता है।'

फर्ग्युसन ने लिखा कि 'यह आपको कंट्रोल करने का चक्र है। एक ऐसी व्यवस्था है, जो आपको आदेश मानने के लिए बनाई गई है। सरकार आपके पैसे को उन चीजों पर खर्च करती है, जिन पर आपकी सहमति ही नहीं होती। हर वेतन, हर खर्च और हर संपत्ति नौकरशाही की कई परतों से होकर गुजरती है और आखिर में क्या बचता है? आपने जो कमाया उसका छोटा सा हिस्सा और इसके बदले आपको मिलता है आजादी का झूठा अहसास।' जिम फर्ग्युसन ने लिखा कि 'एलन मस्क ने बहुत गहरी बात कही है। समस्या टैक्स सिस्टम में नहीं है बल्कि इसे हथियार बनाकर इस्तेमाल करने में है। इससे अंतहीन युद्धों को फंड किया जा रहा है, गैर जरूरी प्रोजेक्ट को चलाया जा रहा है। सरकार लोगों से चलती है और ऐसा दिखाया जाता है कि यह लोगों की सेवा के लिए है। यह जनसेवा नहीं है बल्कि यह जनता का शोषण है। अब इस चक्र को तोड़ने का समय आ गया है।'

## विदेश मंत्री जयशंकर ने नियाग्रा में जी-7 से इतर कनाडाई समकक्ष से की मुलाकात

### 'नए रोडमैप' पर की चर्चा



**नियाग्रा।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कनाडा के नियाग्रा क्षेत्र में जी7 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान कनाडा की समकक्ष अनीता आनंद से मुलाकात की। कनाडा के विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों नेताओं की यह साल की तीसरी मुलाकात थी, जो भारत-कनाडा संबंधों में बढ़ती गति को दशार्ती है।

### आनंद ने दिल्ली धमाके के पीड़ितों के प्रति जताई संवेदना

कनाडा की विदेश मंत्री ने दिल्ली धमाके में जान गंवाने वालों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि इस दुखद समय में 'कनाडा भारत के लोगों के साथ खड़ा है।' दोनों मंत्रियों ने भारत और कनाडा के बीच कानून प्रवर्तन और सहयोग बढ़ाने के लिए बनाए गए संयुक्त रोडमैप पर हुई प्रगति पर चर्चा की। यह रोडमैप ऊर्जा, व्यापार और लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने पर केंद्रित है।

**विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से मुलाकात की। यह दोनों नेताओं की साल की तीसरी बैठक थी। अनीता आनंद ने दिल्ली धमाके के पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त की।**

### 'भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और अहम साझेदार'

अनीता आनंद ने कहा कि कनाडा जी7 की चचाओं में भारती की भागीदारी की सराहना करता है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और 75 वर्षों से अधिक पुराने राजनयिक संबंधों पर आधारित अहम साझेदार है। दोनों नेताओं ने इस बात पर सहमति जताई कि भारत-कनाडा रोडमैप को आगे बढ़ाने के लिए वे संपर्क में रहेंगे।

### भारत-कनाडा साझेदारी आगे बढ़ने की उम्मीद : जयशंकर

बैठक के बाद जयशंकर ने एक्स पर लिखा, आज कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से मुलाकात कर खुशी हुई। जी7 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी के लिए उन्हें बधाई दी। नए रोडमैप 2025 के क्रियान्वयन में हुई प्रगति की सराहना की। भारत-कनाडा साझेदारी को आगे बढ़ाने की उम्मीद है।

### दोनों विदेश मंत्रियों ने नए रोडमैप पर जताई थी सहमति

पिछले महीने भारत दौरे के दौरान जयशंकर और आनंद के बीच बैठक हुई थी। इसके बाद दोनों देशों ने 'नए रोडमैप' पर सहमति जताई थी। यह रोडमैप लोकतांत्रिक मूल्यों, कानून के शासन और संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता के सिद्धांतों पर आधारित है। जयशंकर की यह मुलाकात कनाडा में कई अन्य राजनयिक बैठकों का हिस्सा थी।

उन्होंने दक्षिण अफ्रीका, मैक्सिको, फ्रांस, जर्मनी और ब्राजील के विदेश मंत्रियों से भी मुलाकात की और सस्कैचेवान प्रांत के प्रीमियर स्कॉट मो से भी बातचीत की, जिसमें ऊर्जा, खाद्य और उर्वरक क्षेत्रों में सहयोग पर जोर दिया गया।

## भूटान का दौरा पूरा कर दिल्ली के लिए रवाना हुए पीएम मोदी

**थिम्फू।** प्रधानमंत्री मोदी भूटान दौरे पर हैं और बुधवार को उनके भूटान दौरे का दूसरा दिन है। बुधवार को पीएम मोदी ने भूटान के चौथे राजा द्रुक ग्यालपो जिग्मे सिंग्ये वांगचुक के साथ द्विपक्षीय बैठक में शिरकत की और दोनों देशों के बीच साझेदारी मजबूत करने पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने बुधवार को थिम्फू में भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के साथ 'कालचक्र अभिषेक' कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

पीएम मोदी ने मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'नेपाल के चौथे राजा द्रुक ग्यालपो के साथ एक अद्भुत बैठक हुई। भारत-भूटान संबंधों को और मजबूत करने के लिए पिछले कुछ वर्षों में उनके व्यापक प्रयासों की सराहना की। ऊर्जा, व्यापार, प्रौद्योगिकी और कनेक्टिविटी में सहयोग पर चर्चा हुई।

भूटान के राजा ने आधिकारिक बयान जारी कर दिल्ली विस्फोट में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति संवेदना जाहिर की है। प्रधानमंत्री मोदी ने आर्थिक प्रोत्साहन कार्यक्रम सहित भूटान की 13वीं पंचवर्षीय योजना के प्रति भारत के समर्थन की पुष्टि की और भूटान को उसकी प्रमुख विकास प्राथमिकताओं को हासिल करने और सभी क्षेत्रों में सतत विकास को आगे बढ़ाने में सक्रिय रूप से मदद करने का आश्वासन दिया।




# निगम के तरण ताल में निजी कार्यक्रमों पर हुई बहस

**गाजियाबाद करंट क्राइम** : नगर निगम की कार्यकारिणी में पार्षद राजीव शर्मा ने हैबिटेट सेंटर नेहरू नगर और राजेंद्र नगर नगर निगम के क्लब में तरणताल शुल्क और यहां निजी कार्यक्रमों के होने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि जब यह कमर्शियल एक्टिविटी कर रहे हैं, तो इनसे अधिक कर वसूला जाए।

वहीं अधिकारियों से जवाब मांगा गया कि इसे किस दर और किस हिसाब से टैक्स लिया जा रहा है। इसका भी विवरण अगली मीटिंग तक उपलब्ध कराया जाए।

### पार्षद अमित त्यागी ने मेले में पार्किंग वसूली पर उठाए सवाल




**करंट क्राइम** : नगर निगम शास्त्री नगर से पार्षद अमित त्यागी ने नगर निगम के अधिकारियों से पूछा है कि जब प्रदर्शनी और मेलों का निगम कोई शुल्क नहीं ले रहा है, तो मेले वाले पार्किंग आम जनता से कैसे वसूल कर रहे हैं। इसको लेकर महापौर और नगर आयुक्त ने इस मामलों की फाइल की जांच कराने के निर्देश दिए हैं।

### पार्षद नरेश भाटी ने विकास कार्य और लाइटों पर उठाएं सवाल




**करंट क्राइम** : वसुंधरा से पार्षद नरेश भाटी ने उनके वार्ड में ठीक प्रकार से विकास कार्य नहीं करवाने और लाइटों की व्यवस्था अन्य वार्डों की तुलना में उनके यहां कम होने का विषय उठाया। जिस पर पार्षद गौरव सोलंकी उनका समर्थन किया, यह विषय काफी देर तक नगर निगम सदन में गर्मा रहा।

### नरेश जाटव ने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे का उठाया मुद्दा



**करंट क्राइम** : पार्षद नरेश जाटव ने क्रॉसिंग में सरकारी जमीन पर हुए कब्जों का मुद्दा उठाया। नरेश जाटव ने कहा कि निगम की करोड़ों रुपये की जमीन पर अवैध कब्जे हैं। उन्हें कब्जा हटाए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि निगम अधिकारियों को जल्द ही कब्जों की लिस्ट दे दी जाएगी। उन्होंने कहा कि एक बिल्डर ने डूंडाहेडा अस्पताल जाने वाला रास्ता रोक दिया।

### सात माह बाद कार्यकारिणी की बैठक हुई



**करंट क्राइम** : निगम कार्यकारिणी बैठक सात माह बाद हुई है। अप्रैल में कार्यकारिणी की बैठक हुई थी। जिसमें कार्यकारिणी सदस्य चुने गए थे। सात माह बाद कहीं जाकर कार्यकारिणी उपाध्यक्ष निगम को मिला है। वहीं कार्यकारिणी चुनाव में प्रवीण चौधरी तीसरी बार उपाध्यक्ष बने हैं। इससे पहले वह एक बार कार्यवाहक उपाध्यक्ष रह चुके हैं।

### नौकरी निगम की और ड्यूटी कहीं और मामले की मेयर कराएंगी जांच

**करंट क्राइम** : नगर निगम में विषय आया कि तमाम ऐसे कर्मचारी हैं जो नौकरी तो निगम की कर रहे हैं ,पर उनकी ड्यूटी कहीं और चल रही है। यह विषय सफाई कर्मचारियों से लेकर मालियों तक को लेकर उठा। इस पर महापौर सुनीता दयाल ने नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि कई शिकायतें उनके पास हैं, जो जिम्मेदार अधिकारी हैं, वह इसकी स्थिति को सुधारे वरना ऑनलाइन अटेंडेंस जांच के साथ ही वह फिजिकल और पार्षदों से इस पूरे मामले की जांच करवाएंगी।

### विजयनगर में शराब कैंटर रखने को लेकर हंगामा

**करंट क्राइम** : नगर निगम की बैठक में नगर निगम में अधिकारियों ने शासनादेश का हवाला दिया कि विजय नगर में शराब कैंटर को निगम रखवाएगा। इस पर विजयनगर की पार्षद पूनम भारद्वाज सिंह गुस्सा गईं। उन्होंने कहा कि क्या अब नगर निगम शराब की दुकान भी लगवाएगा। इस पर अधिकारियों ने शासनादेश की बात की तो महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि वह जिलाधिकारी गाजियाबाद से जाकर मिलने, अगर स्कूल, धर्मस्थल या किसी निजी स्थान पर होगा, तो उसे देखा जाएगा अन्यथा अनुमति दी जाएगी।

### अतिरिक्त निर्माण पर देना होगा शुल्क

**करंट क्राइम** : नगर निगम शहर में बनने वाले मकान की अतिरिक्त मंजिल बढ़ाने पर अलग से शुल्क लेगा। हर मंजिल के निर्माण पर शुल्क लिया जाएगा। यह शुल्क सीवर लाइन दुरुस्त करने के लिए वसूला जाएगा। निगम जल्दी ही इस पर कार्य योजना तैयार करेगा। निगम की अगली बोर्ड बैठक में प्रस्ताव रखा जाएगा। इसके बाद शुल्क राशि तय होगी।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कैबिनेट मंत्री की मॉर्निंग वॉक के दौरान भाजपा की महिला नेता ने की क्लब वाली टॉक? मंत्री जी पहुंचे थे पार्क में और यहां मैडम सिंह ने रखा चंद्र नगर क्लब का मुद्दा? मंत्री जी ने सुनी बात और दिया एक्शन का भरोसा? लेडी सिंह वही लीडर हैं जिन्हें छठ पर्व पर ऐन मौके पर उतरना पड़ा था हैलीकॉप्टर से? क्यों वो स्वाभिमान से समझौते नहीं करती? बात हो ठीक तो कहने से नहीं डरती ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के किस पूर्व मंडल अध्यक्ष को ढूंढ रहा है पानी वाला? सुना है मामले में कुछ मोड है तकाजे वाला? कहने वाले ने कहा कि इलैक्शन के दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष ने मंगाया था पानी? उसके बाद उधार वाली हो गई थी कहानी? अब सुना है पूर्व मंडल अध्यक्ष नहीं चुका रहे पानी वाले का उधार? किस्सा आ गया है भाजपा वालों की जुबान से ही बाहर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि छतरी के नीचे आने वाले का भी होता है कोई मान? कहने वाले ने कहा कि पूर्व मंडल अध्यक्ष के पुत्र की शादी में अतुलनीय छतरी के नीचे दिखाई दिये नदिया पार वाले मान? कहने वाले ने कहा कि इसमें नहीं है कोई ऐसी खास बात? जो गये थे छतरी के नीचे वो करते हैं सभी का मान और सम्मान? इसलिए तो उनके इसी व्यवहार के बूते पार्टी देती है हर बार महत्वपूर्ण काम ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि निगम कार्यकारिणी वाले वाईस प्रेसीडेंट के चुनाव में चल रहा था नदिया पार वाला भी इफैक्ट? यहां पर कैबिनेट जी के खास चेहरे को लास्ट में होना पड़ा थोड़ा सा अपसेट? सुना है मंत्री जी ने जब दिये आदेश तो फिर ठाकुर साहब ने लिया यू-टर्न? कहने वाले ने कहा कि रखा गया था इस बात का भी पूरा ध्यान? अगर भाटी जी हो गये नाराज तो फिर संबंधों में हो जायेगा घमासान? इसलिए दोनों ही चेहरों ने समेट लिया था चुनावी रण से पहले ही अपना सामान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि वाईल्ड कार्ड एन्ट्री का लग गया था पहले ही कार्यकारिणी मैम्बरों को पूरा अंदाजा? कांग्रेस वाले शर्मा जी ने दिखाया था ठाकुर साहब को एक जनप्रतिनिधि का बधाई संदेश? वो दे रहे थे प्रवीण चौधरी को उपाध्यक्ष चुने जाने पर बधाई? यही बात अजय शर्मा ने सौलंकी जी को समझाई? करा रहे थे एहसास, क्यों अफसोस कर रहे हो ? चौधरी साहब की स्क्रिप्ट तो पहले ही लिखी जा चुकी थी भाई?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कार्यकारिणी वाली बैठक में जब नदिया पार के भाटी ने सदन में रख दिया वित्त के पैसे से वार्ड में काम ना होने का अरोप? तब मेयर ने उनसे पूछा कि जरा बताओ तो सही किसके वार्ड में हो रहा है वित्त के पैसे से काम? यहां पर मिस्टर भाटी ने लिया वार्ड 54 का नाम और फिर सौलंकी जी ने बताया उस चौधरी के वार्ड में चल रहा है काम? सुना है नाम आने के बाद सभी ने बंद कर ली अपनी जुबान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि क्या उस मोड वाले खोखों की कहानी में होने वाली है किसी आरटीआई की एन्ट्री? कहने वाले ने कहा कि बोतल से बाहर आने वाला है चौधरी मोड के खोखों का जिन्न? सुना है इस पूरे मामले को लेकर एक जनप्रतिनिधि का मन बड़ा है खिन्न?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हाथ वालों के नेता ने कस दिया क्या अपनी बात से किसी को लेकर तंज? उन्होंने कहा कि पहले हम 16 थे और अब रह गये हैं केवल 3? कांग्रेस के नेता ने कहा जो हालात बन रहे हैं उससे आप देखना अभी आगे का सीन? कहने वाले ने कहा कि वार्ड को लेकर नहीं है हैंड वालों के यहां कोई भी प्लान? नए वाले तो पुराने वालों का दिला रहे है अपनी कमजोर वर्किंग से ध्यान ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हाथी पर सवार लाला जी का मन नहीं लग रहा है अब नीली सियासत में? सुना है अब उन्हें लग रहा है कि हो गई है उनसे जोश में आकर ये पोलिटिक्ल मिस्टेक? पर्चा भरकर भी फायदा नहीं हुआ और खर्चा करते करते हो रहा है घाटा? अब वो कर सकते हैं क्या हाथी को बाय-बाय और टाटा?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि उस वाले वार्ड में इस बार निकलेंगे सबसे ज्यादा फूल वाले दल के दावेदार? यहां पर मंडल अध्यक्ष से लेकर पूर्व पार्षद हो रहे हैं पूरी तरह से चुनाव लड़ने के लिये तैयार? सबसे रोचक पहलू भी है इस वार्ड में एक और? जब चुनाव लड़ने के लिए दूसरे वार्ड के मौजूदा पार्षद भी कर रहे हैं भागदौड़?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक आज गाजियाबाद में करेंगे शिरकत

## भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर भाजपा मनाएगी 'जनजातीय गौरव दिवस'




**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर भाजपा महानगर गाज़ियाबाद द्वारा 13 नवम्बर को 'जनजातीय गौरव दिवस' का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक होंगे। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की अध्यक्षता में हुई बैठक में तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10:30 बजे हिंदी भवन, लोहिया नगर में होगा, जहाँ जनजातीय समाज के सम्मानित नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा।

उपमुख्यमंत्री कार्यक्रम उपरांत मीडिया से संवाद करेंगे। साथ ही शहरभर में महापुरुषों की प्रतिमाओं पर स्वच्छता और दीप प्रज्वलन अभियान भी चलेगा। बैठक में रनिता सिंह, प्रदीप चौधरी, वेद प्रकाश जाटव, सतीश मिश्रा, गौरव चोपड़ा, पंकज भारद्वाज सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। मयंक गोयल ने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अपने मंडलों से प्रवेशिका लेकर समय पर कार्यक्रम स्थल पर पहुँचे।

### नगर निगम करा रहा है पानी की बौछार, वायु गुणवत्ता में होगा सुधार

# सफाई मित्रों ने सड़कों को धूल मुक्त बनाने में निभाई अहम भूमिका : नगर आयुक्त



### शहर वासियों को भी किया जा रहा है जागरूक

**करंट क्राइम।** पेड़-पौधों पर लगी हुई धूल को भी हटाने का कार्य उद्यान विभाग तेजी से कर रहा है। शहर में गाजियाबाद नगर निगम संयुक्त कार्यवाही कर रहा है जिसमें पानी की बौछार भी कराई जा रही है। शहर वासियों को भी वायु गुणवत्ता सुधार में अहम भूमिका निभाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। नगर आयुक्त द्वारा स्वास्थ्य विभाग को गंदगी फैलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही करते हुए जुर्माना करने के निर्देश दिए, स्वास्थ्य विभाग से सफाई मित्र सड़कों की साइड पटरियों पर जमी हुई धूल को उपकरणों के माध्यम से हटाएं तथा सड़कों को मार्गों को धूल मुक्त बनाने में अभियान के रूप में कार्य करें निर्देशित किया गया है।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वायु गुणवत्ता सुधार के लिए समस्त जोन में अभियान के रूप में कार्यवाही चल रही है जिसमें गाजियाबाद नगर निगम के सभी विभाग बेहतर कार्य कर रहे हैं। पानी छिड़काव के साथ-साथ सड़कों को धूल मुक्त बनाने का कार्य भी अभियान के रूप में किया जा रहा है। मोहन नगर चौक से डाबर चौक तक, शालीमार गार्डन से भोपुरा चौक तक, हापुर चुंगी से डायमंड फ्लाई ओवर तक, गोविंदपुरम मैन रोड, विजयनगर प्रताप विहार सेक्टर 12, चौधरी मोड़ से अंबेडकर रोड तक, वसुंधरा सेक्टर 16 व अन्य सड़कों को धूल मुक्त बनाने का अभियान के रूप में कार्य किया गया जिसमें मैकेनाइज्ड के साथ-साथ मैन्युअल कार्यवाही भी निगम द्वारा की गई है।

अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार द्वारा बताया गया महापौर तथा नगर आयुक्त के निर्देश के क्रम में स्वास्थ्य विभाग अभियान के रूप में पानी छिड़काव का कार्य कर रहा है। इसी के साथ-साथ शहर को धूल मुक्त बनाने का कार्य भी किया जा रहा है। सड़कों को धूल मुक्त बनाने में सफाई मित्रों की भूमिका दिखाई दे रही है जो कि सहनीय है। सड़कों को मैकेनाइज्ड तरीके से धूल मुक्त किया जा रहा है वहीं सड़कों के साथ बनी हुई साइड पटरी जहां धूल जमी हुई है उनको मैनुअल तरीके से हटाकर धूल मुक्त कराया जा रहा है।



**शुभकामना**



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनगर पार्षद प्रवीण चौधरी को निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष बनाये जाने पर राजनगर रामलीला कमेटी से लेकर राजनगर आरडब्लूए ने उन्हें बधाई दी। सहकारिता क्रय-विक्रय समिति के चेयरमेन वीरेन्द्र सारस्वत में प्रवीण चौधरी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राजनगर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष जय कुमार गुप्ता, महामंत्री दीपक मित्तल, राजनगर आरडब्लूए के महामंत्री अमरीश त्यागी, जितेन्द्र रंधावा, सिमरन रंधावा, ओमप्रकाश भोला, मनीष पंवार, हिमांशु भूषण, नवीन शर्मा, गुड्डू चौधरी, बिट्टू चौधरी, राजीव सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# दिल्ली ब्लास्ट का मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए: डॉक्टर पवन सिन्हा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आध्यात्मिक गुरु और विदेश मामलों के जानकारी डॉ पवन सिंह ने कहा कि पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आएगा। लाल किले के पास बम विस्फोट की घटना के पीछे पाकिस्तान परस्त आतंकवादी संगठन है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आतंकवादी ठिकानों पर हमले से पाकिस्तान की गुप्तचर संस्था आईएसआई और पाक आतंकवादी संगठन बौखलाए हुए हैं। यही कारण है कि वे भारत पर हमले की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत को दिल्ली हमले का मुंह तोड़ जवाब देना चाहिए। पाकिस्तान परस्त आतंकवादी संगठन भारत पर हमला करने के लिए डॉक्टर मॉड्यूल जैसे और भी प्लानिंग कर रहे हैं। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता के कारण बड़ी घटना होने से बच गई। जिस मात्रा में विस्फोटक बरामद किए गए हैं, उसे लगता है कि आतंकवादी संगठनों की योजना बहुत बड़े स्तर पर हमला करने की थी। फरीदाबाद में भारी मात्रा में विस्फोटक पाए जाने के बाद आतंकवादियों में पैनिक फैल गई है। यह एक कारण हो सकता है कि लाल किले के पास चलते वाहन में विस्फोट हो गया। जिस मात्रा में विस्फोटक पाए गए हैं उसे आतंकवादी बड़े पैमाने पर ब्लास्ट कर सकते थे।

डॉ पवन सिन्हा ने कहा कि फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी की गहराई से जांच होनी चाहिए। इस यूनिवर्सिटी से जुड़े डॉक्टर आतंकवादी घटना में शामिल पाए गए हैं। यह पता लगाना आवश्यक है कि आखिर कितने और ऐसे लोग यूनिवर्सिटी में है जिनके संबंध आतंकवादी संगठनों से है। भारत में मौजूद आतंकवादियों के टेरर मॉड्यूल को नष्ट करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मैं पहले ही कह दिया था कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी पाकिस्तान बाज नहीं आएगा और भारत के खिलाफ आतंकी घटनाओं को अंजाम देता रहेगा।

# कंपनी में टेबल टेनिस खेलते समय सेल्स एग्जीक्यूटिव की मौत



**नोएडा।** नोएडा की एक कंपनी में टेबल टेनिस खेलते हुए एक सेल्स एग्जीक्यूटिव मूर्छित होकर गिर गया। उसे उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना सेक्टर-63 पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस को आशंका है कि सेल्स एग्जीक्यूटिव की मौत हार्ट अटैक के चलते हुई है। मामले की जांच-पड़ताल कर रही थाना पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का पता चल पायेगा।

थाना सेक्टर-63 के प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि नोएडा के बी-109 सेक्टर-63 में स्थित एक कंपनी में सेल्स एग्जीक्यूटिव के रूप में काम करने वाले सुमित कुमार उम्र 34 वर्ष पुत्र सुंदरलाल कंपनी में टेबल टेनिस खेल रहे थे। खेलते-खेलते वह मूर्छित होकर जमीन पर गिर पड़े। उन्हें गंभीर हालत में उनके अन्य सहकर्मियों ने नोएडा के फोर्टिस अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया, जहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच कर रही है।




### नाबालिग को भगा ले जाने व दुष्कर्म करने वाले दुष्कर्मी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल



**लोनी (करंट क्राइम)।** लोनी पुलिस ने 15 दिन पूर्व नाबालिग लड़की को बहलाफुसलाकर भगा ले जाने व उसके साथ दुष्कर्म करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि 28 अक्टूबर को एक कॉलोनी निवासी नाबालिग लड़की के पिता ने लोनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री को मुज्जफर उर्फ मुजफर पुत्र जाबिर ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर लड़की को भगा ले गया। उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद दुष्कर्मियों को गिरफ्तार करने के लिए मुहिम शुरू कर दी जिसमें मुज्जफर को एक नंमबर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। दो दुष्कर्मी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ रहे थे लेकिन पुलिस मुस्तैद थी और तकनीकी प्रक्रिया के माध्यम से सोमवार रात को पुलिस ने नईम पुत्र अब्दुल रिजवान पुत्र नौशाद को गिरफ्तार कर लिया तथा मंगलवार को जेल भेज दिया।

# जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दी गई एसआईआर की जानकारी बूथ लेवल पर कार्यकर्ता जिम्मेदारी निभाएं तो राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनने से कोई नहीं रोक सकता: सतीश शर्मा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय सेंट्रल मार्केट पुराना बस अड्डा जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में स्पेशल इंसेंटिव रिवीजन यानी एसआईआर को लेकर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा डासना ने की। बैठक में सभी पदाधिकारी ने एसआई आर के बारे में विस्तार से बताया। जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा डासना ने सभी कार्यकताओं से कहा कि 4 नवंबर से एसआईआर अभियान शुरू हो गया है। इसके तहत सभी जगह पर बीएलओ फॉर्म दे रहे हैं। सभी कार्यकताओं को अपने आसपास के लोगों के लिए फॉर्म इकट्ठा कर उन्हें उपलब्ध कराना है।

इस अवसर पर सभी बूथ कार्यकताओं को उनकी जिम्मेदारी के बारे में बताया गया।

उन्होंने कहा कि अगर आप सभी अपने अपने बूथ पर समय निकालकर सभी मतदाताओं की वोट को जुड़वा कर बीएलओ को प्रपत्र सहित आवगत करने का कार्य कर ले तो आप अपने बूथ पर कांग्रेस के पक्ष में वोट पाने में सफल होंगे। अगर आप अपने हर बूथ पर कांग्रेस की पकड़ को मजबूत कर लेंगे तो सांसद राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनने से कोई नहीं रोक सकता है।

उसके बाद जिला कांग्रेस कमेटी गाजियाबाद पर सभी ने दिल्ली में हुए बम विस्फोट में मारे गए मृतकों के लिए शोक व्यक्त किया और 2 मिनट का मौन रखकर घायलों के लिए ईश्वर से शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। जिला अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार इस कायराना हरकत में शामिल लोगों को तुरंत गिरफ्तार कर फांसी की सजा का प्रावधान जारी करें जिससे कि ऐसी कायराना हरकत करने वालों को वकीलों और कोर्ट कचहरी के दाव पेंच में फंसा समय और पैसे को बचाया जा सके। बैठक में जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा, कोऑर्डिनेटर राजकुमार पंडित, महिला जिला, अध्यक्ष डोली त्यागी, जिला मीडिया प्रभारी आशुतोष गुप्ता, व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सुशील शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, हाजी खुर्शीद, सुरेंद्र शर्मा कोषाध्यक्ष, अश्वनी त्यागी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।